▪ चैत्र कृष्ण - 10 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 248 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » गुरुवार » 04-04-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत



ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित


5 पीएफआई से समर्थन मिलने पर कांग्रेस को स्मृति ईरानी ने निशाना बनाया

6 गर्मी का सितम शुरू : हीट वेव की चेतावनी

7 प्रशंसकों से रणवीर सिंह ने छुपाया 'डॉन-3' का लुक


## फर्स्ट टेक

### कर्नाटक में दो साल का बच्चा बोरवेल में गिरा, बचाव अभियान जारी

**विजयपुरा/भाषा।** कर्नाटक के विजयपुरा जिले के इंदी तालुका के लाचयान गांव में बुधवार शाम दो साल का एक बच्चा बोरवेल में गिर गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बच्चा 16 फुट गहरे बोरवेल में गिर गया और उसे सुरक्षित बाहर निकालने के लिए बचाव अभियान जारी है। पुलिस के अनुसार, बच्चा अपने घर के पास खेलने के दौरान बोरवेल में गिर गया। इस बात की जानकरी तब मिली जब किसी ने उसके रोने की आवाज सुनी और तुरंत परिवार को सूचित किया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, ''शाम करीब 6:30 बजे बच्चे को बचाने के लिए अभियान शुरू किया गया। पुलिस, राजस्व अधिकारी, तालुक पंचायत के सदस्य और अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा विभाग के अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद हैं। बच्चे को बचाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।''

### सुशील कुमार मोदी कैंसर से पीड़ित

**पटना/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने बुधवार को कहा कि उन्हें छह महीने पहले कैंसर का पता चला था और वह पार्टी के लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान में भाग नहीं ले सकेंगे। सुशील मोदी (72) को पहले भाजपा ने राज्य के लिए अपने स्टार प्रचारकों में से एक के रूप में सूचीबद्ध किया था और उन्हें अपनी चुनाव घोषणापत्र समिति का सदस्य भी नामित किया था। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''पिछले छह माह से कैंसर से संघर्ष कर रहा हूं। अब लगा कि लोगों को बताने का समय आ गया है। लोकसभा चुनाव में कुछ कर नहीं पाऊंगा। प्रधानमंत्री को सब कुछ बता दिया है। देश, बिहार और पार्टी का सदा आभार और सदैव समर्पित।''

### यूएई को 10,000 टन अतिरिक्त प्याज निर्यात की मंजूरी

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार ने बुधवार को राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल) के माध्यम से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 10,000 टन अतिरिक्त प्याज के निर्यात की अनुमति दी। इसके पहले सरकार ने पिछले महीने यूएई को 14,400 टन प्याज के निर्यात की मंजूरी दी थी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा, ''एक मार्च, 2024 की अधिसूचना में निर्धारित कोटा के अलावा एनसीईएल के जरिये संयुक्त अरब अमीरात को अतिरिक्त 10,000 टन प्याज के निर्यात की अनुमति दी जाती है।''

| | |
|---|---|
| 04-04-2024 सूर्यास्त 6:31 बजे | 05-04-2024 सूर्योदय 6:13 बजे |
| BSE 73,876.82 (-27.09) | NSE 22,434.65 (-18.65) |
| सोना 7,200 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 80,666 रु. प्रति किलो |

मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ 'नमो ऐप' के माध्यम से संवाद करते हुए कहा

# भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करना बंद नहीं करेंगे : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलकाता/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि वह भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और जो लोग भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं उनके पास दो ही विकल्प हैं–जेल या बेल (जमानत)। मोदी ने पश्चिम बंगाल के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं के साथ 'नमो ऐप' के माध्यम से ऑनलाइन संवाद करते हुए कहा कि पूरे देश ने देखा है कि तृणमूल कांग्रेस ने किस तरह भाजपा कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए हिंसा का सहारा लिया, लेकिन भाजपा के कार्यकर्ता निडरता से खड़े रहे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस–वाम गठबंधन बंगाल में चुनाव में एक दूसरे के खिलाफ दिखावटी लड़ाई लड़ रहे हैं क्योंकि तीनों दल एक समान हैं। उन्होंने कहा, ''वे सभी सहयोगी हैं। यह भ्रष्टाचार का गठबंधन है। दूसरे राज्यों में ये दल मित्र हैं और यहां शत्रु की तरह रहते हैं। उनकी लड़ाई एक दूसरे के खिलाफ नहीं बल्कि भाजपा के खिलाफ है क्योंकि भाजपा सरकार उनके भ्रष्टाचार के खिलाफ है। वे जो चाहें कर लें, मोदी भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने से नहीं रुकेगा।'' उन्होंने कहा, ''भ्रष्टाचारी साथ आ गए हैं और उन्होंने एक गठबंधन बना लिया है जो मोदी को गाली देता रहता है। इन भ्रष्टाचारियों के लिए केवल दो ही विकल्प बचे हैं–जेल या बेल (जमानत)।''

### पश्चिम बंगाल में सबसे बड़ी चुनौती हिंसा

चुनावी हिंसा का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल में सबसे बड़ी चुनौती हिंसा की है। उन्होंने कहा, ''पश्चिम बंगाल चुनाव में सबसे बड़ी चुनौती चुनावी हिंसा की है, लेकिन निर्वाचन आयोग ने जनता की सुरक्षा के इंतजाम किए हैं। हम सब पश्चिम बंगाल में घट रहे घटनाक्रम पर भी नजर रखते हैं। हमें हर मतदाता के घर तक पहुंचना होगा और उन्हें निडर होकर वोट डालने के लिए प्रोत्साहित करना होगा।''

मोदी ने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस हर चुनाव से पहले किसी भी तरह से भाजपा कार्यकर्ताओं को रोकने का प्रयास करती है। उन्होंने कहा, ''देश ने देखा है कि किस तरह भाजपा कार्यकर्ताओं ने धमकियों के बावजूद काम किया। तृणमूल कांग्रेस हिंसा के सहारे भाजपा को रोकने की कोशिश करती है। देश ने यह भी देखा कि किस तरह भाजपा कार्यकर्ता निडरता से अपने बूथ पर खड़े रहे। हमें इस बार और ज्यादा सीट जीतने का भरोसा है।''



उच्चतम न्यायालय से जमानत मिलने के एक दिन बाद

# 'तिहाड़' से बाहर आए 'आप' सांसद संजय सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली आबकारी नीति मामले में उच्चतम न्यायालय से जमानत मिलने के एक दिन बाद बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह तिहाड़ जेल से बाहर आए और कहा कि यह जश्न मनाने का नहीं बल्कि संघर्ष का समय है।

सिंह का अभिवादन करने के लिए जेल के बाहर पार्टी के अनेक कार्यकर्ता जमा हुए थे।

जेल से बाहर आने के बाद सिंह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के लिए रवाना हो गए, जहां उन्होंने केजरीवाल की पत्नी सुनीता से मुलाकात की।

इसके बाद वह 'आप' के मुख्यालय पहुंचे और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा। सिंह ने आरोप लगाया, ''देश में बड़े पैमाने पर अत्याचार हो रहा है, हम सभी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ हैं।'' उन्होंने कहा कि भाजपा को जवाब देने का समय आ गया है, उसने देश भर के सभी ''भ्रष्टाचारियों'' को अपने पाले में कर लिया है।

आप सांसद ने कहा कि केजरीवाल इस्तीफा नहीं देंगे और दिल्ली की दो करोड़ आबादी के लिए काम करते रहेंगे।

# खरगे ने शुरू किया 'घर-घर गारंटी' अभियान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को उत्तर पूर्वी दिल्ली से पार्टी के 'घर–घर गारंटी' अभियान की शुरुआत की और दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'गारंटी' तो लोगों को नहीं मिली, लेकिन उनकी पार्टी जो गारंटी दे रही है, उन पर वह अमल करेगी। पार्टी का यह चुनावी अभियान पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' पर आधारित है।

इस अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ता पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' वाला कार्ड घर–घर जाकर वितरित करेंगे। पार्टी का लक्ष्य आठ करोड़ परिवारों तक पहुंचने का है। खरगे ने उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में इस अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस के पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' का उल्लेख किया। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने संवाददाताओं से कहा, आज उत्तर पूर्वी दिल्ली में कांग्रेस अपना गारंटी कार्ड बांटने के लिए आई है। हमारा संदेश साफ है कि कांग्रेस के पांच 'न्याय' के तहत हम 25 गारंटी पूरी करेंगे। कांग्रेस के कार्यकर्ता घर–घर जाकर गारंटी कार्ड बांटेंगे और लोगों से मिलकर उन्हें बताएंगे कि 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनने पर हम जनता के लिए क्या–क्या करेंगे। उन्होंने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के समय की प्रमुख योजनाओं और कानूनों का उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकारों में देश की जनता को फायदा हुआ है। उन्होंने दावा किया, मोदी जी अपनी गारंटी की बात करते हैं, लेकिन उनकी गारंटी कामयाब नहीं हुई।

उनकी गारंटी लोगों को नहीं मिली। उन्होंने हर साल दो करोड़ नौकरियों की बात की, लेकिन लोगों को नौकरी नहीं मिली। उन्होंने 15–15 लाख रुपए देने का वादा किया, लेकिन यह गारंटी भी पूरी नहीं। खरगे ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने आय दोगुनी करने समेत कई वादे किसानों से किए थे, लेकिन वह वादे पूरे नहीं हुए। उन्होंने कहा, मोदी सरकार राजनीतिक दलों को डरा रही है।

# केंद्र ने चुनाव के दौरान लू से निपटने के लिए प्रभावी कदम उठाने को कहा

*__नई दिल्ली/भाषा।__ लोकसभा चुनावों के दौरान लोगों की भागीदारी वाले कार्यक्रमों के मद्देनजर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को लू के प्रभाव को कम करने के लिए एक योजना बनाने का निर्देश दिया। मांडविया ने गर्मी से संबंधित बीमारियों के प्रबंधन के लिए लोक स्वास्थ्य व्यवस्था की तैयारियों की समीक्षा को लेकर एक बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने राज्यों में भारत मौसम विज्ञान विभाग के अलर्ट प्राप्त होते ही समय से कार्रवाई के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, एहतियाती उपायों से लोगों के बीच समय पर, अग्रिम रूप से और व्यापक जागरूकता अभियान चलाने से भीषण गर्मी, लू के गंभीर प्रभाव को कम करने में काफी मदद मिलेगी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने हाल में पूर्वानुमान जताया था कि इस साल देश में अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर रहेगा।*

# डोभाल ने सीमा पार आतंकवाद पर चिंता जताई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**अस्ताना/भाषा।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल ने बुधवार को कहा कि सीमा पार आतंकी गतिविधियों में संलिप्त आतंकियों समेत आतंकवाद के साजिशकर्ताओं से प्रभावी ढंग से और तेजी से निपटा जाना चाहिए। उन्होंने मास्को के क्रोकस सिटी हॉल में आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए आतंकवाद के खतरे से निपटने में दोहरे मानकों को छोड़ने का आह्वान किया।

अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के एक सुरक्षा सम्मेलन में उन्होंने यह भी कहा कि कनेक्टिविटी परियोजनाओं के दौरान समूह के सदस्य देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का पूरी तरह से सम्मान होना चाहिए। चीन की क्षेत्र और सड़क संपर्क पहल (बीआरआई) को लेकर चिंताओं के बीच उनकी यह टिप्पणी आई है।

डोभाल ने विभिन्न आतंकवादी समूहों को पाकिस्तान के निरंतर समर्थन के बीच अपनी टिप्पणी में आतंकवाद के प्रायोजकों, वित्तपोषकों और मददगारों को जवाबदेह ठहराने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया।

सूत्रों ने कहा कि डोभाल ने एससीओ क्षेत्र में लश्कर–ए–तैयबा, जैश–ए–मुहम्मद, अल कायदा और उसके सहयोगी संगठन और आईएसआईएस समेत विभिन्न आतंकवादी समूहों द्वारा उत्पन्न खतरे का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि भारत दूसरे देशों के साथ व्यापार और कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जोर दिया कि ऐसी पहल एससीओ सदस्य देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को ध्यान में रखते हुए होनी चाहिए।


प्रथम पुण्य स्मरण



जन्म 08.02.1967

स्वर्गवास 04.04.2023

स्व. महेन्द्रकुमार सालेचा

सुपुत्र : स्व. श्रीमती हरकुदेवी - श्री घेवरचंद सालेचा (पचपदरा - बेंगलोर)

आपकी प्रेरणा, आपकी मधुर मुस्कान, धर्म भावना, स्नेह, मिलनसार स्वभाव
सदैव हमारी आँखों में नमीलिये जीवन की राह पर एकता व धैर्य का मार्ग प्रशस्त करता रहेगा।
जिनेश्वर देव आपकी आत्मा को शांति प्रदान करें।।

श्रद्धावनत

भाई-भाभी : अशोककुमार - मंजुदेवी
धर्मपत्नी : मंजुदेवी
भ्रातापुत्र-पुत्रवधु : जितेशकुमार - उषादेवी
पुत्र-पुत्रवधु : सुमितकुमार - प्रितीदेवी
पौत्र : क्रिशव, मयन
सुपौत्री : सानवी
बहन-बहनोई : उगमदेवी-प्रकाशचंदजी भुरट, शशिकला-ललितकुमारजी भंसाली
पुत्री-जवांई : दिपीका - अंकितजी छाजेड़, रुचि - चिरागजी व्रजावत
दोहिती-जवांई : अल्का-सतीशजी बागरेचा, लता-मुकेशजी कोठारी, नेहा-अभिषेकजी जिनाणी
दोहित्र-दोहित्रवधु: विनित - रक्षा भुरट, रीतेश - निकिता भुरट, जतिन - निकिता भंसाली
दोहिता-दोहिती : विहाना, विवांश, युवराज

समस्त सेठ श्री गुलाबचंदजी लक्ष्मीचंदजी सालेचा परिवार, पचपदरा-बेंगलोर

Kohinoor GRANITE MARBLE CERAMICS GROUP

KOHINOOR GRANITE & MARBLE GROUP OF COMPANIES
Bangalore.


# आर्थिक सुधारों के सूत्रधार मनमोहन सिंह की 33 वर्ष लंबी संसदीय पारी का समापन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



- दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के 10 वर्षों तक प्रधानमंत्री रहे सिंह का बचपन संघर्ष में बीता।
- सिंह को प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए भ्रष्टाचार के आरोपों पर आंख मूंदने जैसे आरोपों का सामना करना पड़ा।

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत में आर्थिक सुधारों के सूत्रधार माने जाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह (91) का राज्यसभा का कार्यकाल बुधवार को खत्म हो गया और इसी के साथ उनकी 33 साल लंबी संसदीय पारी का पटाक्षेप हो गया। मृदुभाषी, विद्वान और विनम्र सिंह ने भारतीय राजनीति में अपनी अलग पहचान बनाई और आखिरी बार वह राजस्थान से राज्यसभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे।

दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के 10 वर्षों तक प्रधानमंत्री रहे सिंह का बचपन संघर्ष में बीता। शुरुआती दिनों में अपने गांव में केरोसिन तेल की लालटेन के उजाले में पढ़ाई करने वाले सिंह ने सार्वजनिक जीवन में बुलंदियों को छुआ।

राजनीति में कदम रखने से पहले ही सिंह एक अर्थशास्त्री और विद्वान के रूप में अपनी पहचान बना चुके थे। वह अक्टूबर, 1991 में पहली बार राज्यसभा के लिए चुने गए। उस समय वह पीवी नरसिंह राव की सरकार में वित्त मंत्री थे और उसी दौर में भारतीय अर्थव्यवस्था के दरवाजे दुनिया के लिए खुले तथा उदारीकरण के युग की शुरुआत हुई। बतौर वित्त मंत्री दुनिया भर में सराहे गए सिंह को प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए भ्रष्टाचार के आरोपों पर आंख मूंदने जैसे आरोपों का सामना करना पड़ा।

वर्ष 2004 से 2014 तक भारत के प्रधानमंत्री रहे सिंह छह बार राज्यसभा सदस्य रहे, हालांकि कभी निचले सदन में नहीं पहुंच सके।

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### जमानती जेलें

मिल गई जमानत संजय को,
न्यायिक शर्तें भरते–भरते।
ईडी भी दिखी हताश वहां,
कोशिश पूरी करते–करते।
धाराएं हुई धराशाही,
इल्ज़ाम कई धरते–धरते।
आखिर क्यों जेल हुई उसको,
चैनल बोले डरते–डरते।।

# सुजुकी के लिए तीन करोड़ वाहनों के उत्पादन वाला दूसरा बाजार बना भारत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन के लिए भारत तीन करोड़ इकाइयों के संयुक्त उत्पादन को पार करने वाला दूसरा बाजार बन गया है। भारत ने कंपनी के गृह राष्ट्र जापान से भी तेजी से यह मील का पत्थर हासिल किया है। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि उसकी अनुषंगी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने मार्च, 2024 के अंत तक भारत में तीन करोड़ इकाइयों का संचित वाहन उत्पादन हासिल कर लिया है।

इसमें कहा गया, जापान के बाद भारत दूसरा देश बन गया है जिसमें सुजुकी इस मील के पत्थर तक पहुंची है। भारत दिसंबर, 1983 में उत्पादन शुरू करने के बाद से केवल 40 साल और चार महीने में तीन करोड़ इकाई तक पहुंचने वाला सबसे तेज देश बन गया है। भारत ने जापान में 55 साल और दो महीने का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

भारत में सुजुकी का वाहन उत्पादन इसके पहले मॉडल मारुति 800 के साथ तत्कालीन मारुति उद्योग लिमिटेड द्वारा शुरू हुआ, जो कंपनी और भारत सरकार के बीच एक संयुक्त उद्यम था।

इस समय मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) की हरियाणा के गुरुग्राम में और गुजरात के हंसलपुर में विनिर्माण संयंत्र हैं, जहां से पूरे देश में वाहन आपूर्ति की जाती है।

एमएसआईएल ने बयान में कहा, जहां कंपनी के हरियाणा स्थित संयंत्रों में 2.68 करोड़ इकाइयों का विनिर्माण किया गया है वहीं गुजरात स्थित संयंत्र में लगभग 32 लाख वाहनों का विनिर्माण किया गया है।

# भाजपा 2025 में दिल्ली विस का चुनाव जीतेगी : मनोज तिवारी

## 90 प्रतिशत समस्याओं का हल करेगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार के गति पकड़ने के बीच उत्तर पूर्वी दिल्ली से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद मनोज तिवारी ने बुधवार को दावा किया कि 2025 में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज कर उनकी पार्टी 25 वर्ष बाद राजधानी की सत्ता में वापसी करेगी और एक ही कार्यकाल में शहर की 90 प्रतिशत समस्याओं का हल कर लेगी। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' का दिए एक साक्षात्कार में कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर दिल्ली की जनता को मिल रही मौजूदा सुविधाओं के अतिरिक्त अन्य रियायतें भी दी जाएंगी।



भोजपुरी गायक और अभिनेता से राजनीतिक नेता बने तिवारी ने कहा, भाजपा करीब 25 साल से दिल्ली की सत्ता से बाहर है। यह भाजपा की हार नहीं है, यह दिल्ली की हार है। अब दिल्ली जीतेगी और मुझे उम्मीद है कि 2024 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनते ही यहां डबल-इंजन की सरकार बनेगी... और 2025 में दिल्ली की जनता भाजपा को मौका देगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली को आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार को ओर से थोपी गई सभी मुसीबतों से छुटकारा मिलेगा।

उत्तर पूर्वी दिल्ली संसदीय सीट से तीसरी बार चुनाव लड़ रहे तिवारी ने कहा, मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद भाजपा अगर 2025 के विधानसभा चुनाव के बाद सत्ता में आई तो एक कार्यकाल में दिल्ली की 90 प्रतिशत समस्याओं का समाधान कर देगी। उन्होंने कहा, चाहे नाले हों, वायु प्रदूषण हो या जहरीली यमुना हो, भाजपा के पास योजना है और वह उसे क्रियान्वित करेगी। तिवारी ने कहा कि देश के लोगों को प्रधानमंत्री पर अटूट विश्वास है और उनके प्रति उनके प्यार को मापने के लिए कोई पैमाना नहीं है। मूल रूप से बिहार के रहने वाले तिवारी दिल्ली के एकमात्र मौजूदा सांसद हैं जिन्हें भाजपा ने 2024 के चुनाव में फिर से टिकट दिया है जबकि शेष छह सीट पर उम्मीदवार बदल दिए गए हैं। दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीट भाजपा के पास हैं। उन्होंने कहा, किसे टिकट मिलता है और किसे नहीं... यह बहुत बड़ी बात नहीं है। भाजपा में राजनीतिक संस्कृति बदल गई है। किसी को हटाया नहीं जाता है, बल्कि उन्हें अन्य जिम्मेदारियां दे दी जाती हैं।



# जम्मू-कश्मीरः पुलिस से हुई मुठभेड़ में गैंगस्टर ढेर

## घायल अधिकारी की उपचार के दौरान मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जम्मू/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) अस्पताल के निकट पुलिस से हुई मुठभेड़ में एक कुख्यात बदमाश मारा गया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, मुठभेड़ के दौरान घायल हुए उप-निरीक्षक दीपक शर्मा ने बुधवार को उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आर. आर. स्वैन ने शर्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। डीजीपी ने अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने का संकल्प लेते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर में 'पंजाब की तरह' आपराधिक सिंडिकेट स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार शाम कठुआ में मुख्य अस्पताल भवन के बाहर हुई मुठभेड़ के दौरान रामगढ़ (सांबा) थाने में तैनात शर्मा (32) के सिर में चोट लगी थी और बाद में, उन्होंने पठानकोट के एक निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि घटना में विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) अनिल कुमार (40) भी घायल हो गए थे। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए अधिकारियों की एक टीम ने कुख्यात बदमाश वासुदेव का पीछा किया जिसके बाद मंगलवार रात करीब साढ़े 10 बजे जीएमसी के निकट मुठभेड़ शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में वासुदेव मारा गया जबकि उसका एक साथी घायल हो गया।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ अनशन करेंगे आम आदमी पार्टी के नेता



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सात अप्रैल को जंतर-मंतर पर अनशन करेंगे। पार्टी की दिल्ली इकाई के संयोजक गोपाल राय ने बुधवार को यह जानकारी दी।

राय ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी ने फैसला किया है कि केजरीवाल की लड़ाई के लिए जनता से अधिकतम समर्थन हासिल करने की खातिर सात अप्रैल को देशव्यापी सामूहिक अनशन किया जाएगा। उन्होंने कहा, जो लोग अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ हैं, जो देश में लोकतंत्र को बचाना चाहते हैं, अन्याय और तानाशाही को रोकना चाहते हैं, उनसे आग्रह है कि वे अपने घरों, गांवों, मोहल्लों, ब्लॉक मुख्यालयों, तहसीलों, जिलों और राज्य की राजधानियों में सामूहिक अनशन करें।

सात अप्रैल को दिल्ली के जंतर-मंतर पर सामूहिक अनशन किया जाएगा, जिसमें दिल्ली के सभी मंत्री, विधायक, सांसद, पार्षद, पदाधिकारी और कार्यकर्ता भाग लेंगे।

राय ने लोगों से सामूहिक रूप से प्रार्थना करने या यूट्यूब पर भक्ति गीत रघुपति राघव राजा राम सुनने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा, आप इसे सामूहिक रूप से गा सकते हैं। हम सब मिलकर प्रार्थना करेंगे कि केजरीवाल को शक्ति मिले और वह जेल में रहने के दौरान अत्याचार के खिलाफ लड़ सकें। हम सच्चाई को सामने लाने के लिए लड़ सकते हैं।

# आबकारी नीति 'घोटाला': गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर उच्च न्यायालय ने फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका पर बुधवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया, जिसमें उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है।

न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने दोनों पक्षों- आम आदमी पार्टी (आप) नेता केजरीवाल और ईडी- की ओर से पेश दलीलें सुनने के बाद कहा, मैं फैसला सुरक्षित रख रही हूं।

इक्कीस मार्च को ईडी द्वारा गिरफ्तार किए गए आप के राष्ट्रीय संयोजक ने अपनी गिरफ्तारी के समय पर सवाल उठाया और कहा कि यह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव एवं समान अवसर मुहैया कराए जाने सहित संविधान की बुनियादी संरचना का उल्लंघन है। केजरीवाल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने दलीलें रखीं। केजरीवाल फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

एजेंसी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस. वी. राजू ने याचिका का यह कहते हुए विरोध किया कि इस मामले में प्रथम दृष्टया धनशोधन का अपराध बनता है और वर्तमान में, याचिकाकर्ता के खिलाफ जांच प्रारंभिक चरण में है।

# 'आप' सरकार के कामों के आधार पर जनता से वोट मांगें पार्टी के नेता : भगवंत मान



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चंडीगढ़/भाषा।** पंजाब के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) की पंजाब इकाई के प्रमुख भगवंत मान ने बुधवार को पार्टी के नेताओं से जनता के सामने सकारात्मक एजेंडा रखने और बीते दो साल में उनकी सरकार द्वारा किए गए कार्यों के आधार पर लोकसभा चुनाव में वोट मांगने का अनुरोध किया।

मान ने संगरूर से पार्टी के उम्मीदवार गुरमीत सिंह मीत हेयर और इस लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वालीं विधानसभा सीट के विधायकों के साथ चुनाव रणनीति पर चर्चा की।

मान खुद भी धुरी सीट से विधायक हैं, जो संगरूर संसदीय क्षेत्र में आती है।

मान आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीतियों पर चर्चा करने के लिए विधायकों और पार्टी उम्मीदवारों के साथ बैठकें कर रहे हैं। मंगलवार को उन्होंने पटियाला और फरीदकोट के 'आप' उम्मीदवारों व पार्टी विधायकों के साथ बैठकें कीं।

बैठक में शामिल रहे वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने लोगों के सामने सकारात्मक एजेंडा रखने और पिछले दो वर्षों में 'आप' सरकार द्वारा किए गए कार्यों को उजागर करने का निर्देश दिया।

चीमा ने यह भी कहा कि राज्य सरकार ने लोगों को मुफ्त बिजली समेत अपनी प्रमुख 'गारंटी' पूरी कर दी हैं।

# बीजापुर में करीब 12 घंटे तक चली मुठभेड़, 13 नक्सली मारे गए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रायपुर/भाषा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के घने जंगल में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच लगभग 12 घंटे तक चली मुठभेड़ में तीन महिला नक्सलियों समेत 13 नक्सली मारे गए। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुरक्षाबलों की इस सफलता के लिए सराहना करते हुए, इसे राज्य में नक्सल विरोधी अभियान में मिली सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक बताया। बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत लेंड्रा गांव के जंगल में हुई इस मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों ने मंगलवार को 10 नक्सलियों के शव बरामद किए थे। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार की सुबह तलाश अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल से तीन और शव बरामद किए। सुरक्षा बलों ने बस्तर क्षेत्र के सात जिलों में अलग-अलग मुठभेड़ों में इस वर्ष कुल 46 नक्सली मार गिराए हैं।

बीजापुर जिले के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव ने बताया कि एक अप्रैल को गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोरचोली-लेंड्रा के जंगलों में पीएलजीए (पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी) की कंपनी नंबर दो के कमांडर वेल्ला, गंगालूर एरिया कमेटी सचिव दिनेश मोड़ियम सहित करीब 100 सशस्त्र नक्सलियों के मौजूद होने की सूचना मिली थी।

सूचना के बाद डीआरजी, बस्तर फाइटर, एसटीएफ और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था।

# भाजपा, आरएसएस पर राहुल गांधी ने देश के संविधान और लोकतांत्रिक ढांचे को नष्ट करने के प्रयास का आरोप लगाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**वायनाड (केरल)/भाषा।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को वायनाड लोकसभा सीट के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया और एक विशाल रोड शो कर अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत की। उन्होंने भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर भारत के संविधान और लोकतांत्रिक ढांचे को 'नष्ट करने की कोशिश' का आरोप लगाया। राहुल गांधी सुबह हेलीकॉप्टर से वायनाड पहुंचे और उन्होंने कलपेट्टा से सिविल स्टेशन तक रोड शो किया जहां उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों समेत लोगों की भारी भीड़ को संबोधित किया।

अपनी बहन प्रियंका गांधी वाद्रा और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) महासचिव के सी वेणुगोपाल समेत पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ पहुंचे राहुल ने वायनाड जिलाधिकारी को अपना नामांकन पत्र सौंपा। वायनाड जिलाधिकारी रिटर्निंग अधिकारी भी हैं। अपना नामांकन दाखिल करने के बाद गांधी ने






पत्रकारों से कहा कि लोकसभा चुनाव लोकतंत्र और भारत के संविधान को बचाने की लड़ाई है।

उन्होंने कहा, एक तरफ वे ताकतें हैं जो इस देश के लोकतंत्र और संविधान को नष्ट करना चाहती हैं और दूसरी तरफ वे ताकतें हैं जो हमारे देश के संविधान और लोकतांत्रिक ढांचे की रक्षा कर रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अन्य लोग हैं जो देश में संविधान और लोकतंत्र को नष्ट करने का प्रयास कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) संविधान और लोकतंत्र को बचाने की कोशिश कर रहे हैं।

गांधी ने जिलाधिकारी के कार्यालय जाने से पहले रोडशो के अंत में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि वह इस जिले में कई लोगों की जान लेने वाली मानव-पशु संघर्ष की घटनाओं समेत वायनाड वासियों के सभी मुद्दों पर उनके साथ हमेशा खड़े हैं। वायनाड से मौजूदा सांसद राहुल गांधी ने कहा कि वह इस पहाड़ी निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के मुद्दों पर देश और दुनिया का ध्यान आकर्षित करने के लिए हमेशा तैयार हैं।

केरल में इस साल लोकसभा चुनाव के लिए मतदान 26 अप्रैल को होगा।

# भारत में हर साल दो अरब डॉलर का निवेश करेगी ब्लैकस्टोन

**मुंबई/भाषा।** वैश्विक निजी इक्विटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी ब्लैकस्टोन ग्रुप भारत में सालाना दो अरब डॉलर का निवेश करने को लेकर आश्वस्त है। एक शीर्ष अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। कंपनी के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) जोनाथन डी ग्रे ने भारत में ब्लैकस्टोन जैसी कंपनियों के लिए कारोबार सुगमता की स्थिति को बेहतर करने के लिए कई उपायों की वकालत की। इसमें विलय और अधिग्रहण पर त्वरित मंजूरी, सूचीबद्ध कंपनियों का आसान निजीकरण और वाणिज्यिक मामलों में विवाद समाधान में सुधार शामिल हैं। न्यूयॉर्क स्थित समूह, जो लगभग दो दशक से भारत में काम कर रहा है, ने कहा कि भारतीय निजी इक्विटी निवेश ने दुनियाभर में सबसे अधिक रिटर्न दिया है, और रियल्टी में निवेश ने भी अच्छा परिणाम दिया है। ब्लैकस्टोन के वरिष्ठ प्रबंध निदेशक अमित दीक्षित ने यहां संवाददाताओं से कहा, हमारी योजना भारत में हर साल करीब दो अरब डॉलर का निवेश करने की है।

# ट्रेन में टीटीई की हत्या के आरोप में प्रवासी मजदूर गिरफ्तार : पुलिस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**त्रिशूर (केरल)/भाषा।** चलती ट्रेन से यात्रा टिकट परीक्षक (टीटीई) को कथित तौर पर धक्का देकर उसकी हत्या करने के आरोप में ओडिशा के एक प्रवासी मजदूर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि ओडिशा के गंजम के मूल निवासी आरोपी रजनीकांत को कल शाम घटना के तुरंत बाद पास के पलक्कड़ जिले से हिरासत में ले लिया गया और आज उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि वह ट्रेन में बिना टिकट यात्रा कर रहा था। यह वारदात एर्नाकुलम से पटना जाने वाली ट्रेन में हुई।

एर्नाकुलम के विनोद (48) नामक टीटीई की कथित तौर पर चलती ट्रेन से आरोपी द्वारा धक्का दिए जाने के बाद मौत हो गई। पुलिस ने संदेह व्यक्त किया कि टीटीई के रेल पटरी पर गिरने के बाद विपरीत दिशा में जा रही एक अन्य ट्रेन ने उसे कुचल दिया। आज सुबह दर्ज की गई प्राथमिकी के मुताबिक आरोपी ने जानबूझकर हत्या करने की नियत से टीटीई को चलती ट्रेन से धक्का दिया। रजनीकांत बिना टिकट के यात्रा कर रहा था, इसपर टीटीई ने उससे जुर्माना भरने को कहा जिससे वह नाराज हो गया।

प्राथमिकी के अनुसार टीटीई दरवाजे के पास खड़ा था और आरोपी ने उसे मारने के इरादे से उसे पीछे से धक्का दे दिया। त्रिशूर रेलवे पुलिस ने एक अन्य यात्री की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया है। आरोपी पर भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत मामला दर्ज किया गया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया है। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने आज कहा कि आधिकारिक ड्यूटी के दौरान विनोद की मौत बहुत पीड़ादायक है।

# केरलः कुएं में फंसे बाघ को बचाया गया

**वायनाड (केरल)/भाषा।** कलपेट्टा के पास एक रिहायशी इलाके में सुबह कुएं में फंसे एक बाघ को बचा लिया गया है। फिलहाल बाघ निगरानी में है। वन अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

वन अधिकारियों ने कहा कि बाघ को सुबह स्थानीय लोगों ने कुएं में फंसा हुआ पाया था, जिसके बाद कई घंटों तक चले अभियान के बाद दोपहर दो बजे के आसपास उसे बचा लिया गया। वन अधिकारी ने कहा, फिलहाल यह निगरानी में है। वन अधिकारियों ने बताया कि इलाके में रहने वाले एक परिवार को कुएं में बाघ के फंसे होने का तब पता चला जब वे यह देखने गए कि कुएं से छत पर रखी टंकी में पानी क्यों नहीं पहुंच रहा है। एक वरिष्ठ वन अधिकारी ने कहा, इसके बाद, उन्होंने हमें सूचित किया और अधिकारियों की एक टीम मौके पर पहुंची।

# विस्तारा ने 26 और उड़ानें रद्द कीं, मुद्दों के समाधान के लिए पायलटों के साथ बैठक

## विस्तारा की एयर इंडिया के साथ विलय की प्रक्रिया जारी है। विस्तारा के पास करीब 1000 पायलट हैं, लगभग 200 का प्रशिक्षण जारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** चालक दल की अनुपलब्धता के कारण उड़ानें रद्द होने के बीच विस्तारा के शीर्ष अधिकारियों ने बुधवार को पायलटों के साथ बैठक की। इसमें नए अनुबंध और ड्यूटी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई।

मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि टाटा समूह की एयरलाइन ने बुधवार को 26 उड़ानें रद्द कीं।

संशोधित वेतन संरचना के विरोध में पायलटों के एक वर्ग ने पिछले कुछ दिन से बीमार होने की सूचना देकर छुट्टी ली है। इससे विस्तारा के लिए मुश्किलें खड़ी हो गईं हैं और एयरलाइन ने पिछले दो दिन में 100 से अधिक उड़ानें रद्द की हैं। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने विस्तारा को उड़ान रद्द होने के साथ-साथ देरी पर दैनिक रूप से जानकारी देने को कहा है।

सूत्रों ने बताया कि मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनोद कन्नन सहित विस्तारा के शीर्ष अधिकारियों ने पायलटों के साथ उनकी समस्याओं पर चर्चा करने के लिए एक ऑनलाइन बैठक की। बैठक में मानव संसाधन (एचआर) समेत अन्य विभागों के अधिकारी शामिल हुए। विस्तारा ने पायलटों के साथ बैठक पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

सूत्रों ने बताया कि उड़ान परिचालन सामान्य स्थिति में लौट रहा है और उड़ानें रद्द होने के मामलों में कमी आई है।

सूत्रों ने कहा कि ड्यूटी और कामकाजी घंटों में बढ़ोतरी से संबंधित मुद्दों पर एयरलाइन अधिकारियों ने पायलटों को इन्हें मई तक सुलझाने का आश्वासन दिया है। उन्होंने दावा किया कि वर्तमान स्थिति मुख्य रूप से पायलटों के अधिक ड्यूटी करने को लेकर है।

विस्तारा की एयर इंडिया के साथ विलय की प्रक्रिया जारी है। विस्तारा के पास करीब 1,000 पायलट हैं, जिनमें से लगभग 200 का विभिन्न चरणों का प्रशिक्षण जारी है।

विस्तारा ने 31 मार्च से शुरू हुए ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम में प्रतिदिन 300 से अधिक उड़ानों का परिचालन करना है।

# 12 नवनिर्वाचित सदस्यों ने ली राज्यसभा की सदस्यता की शपथ

**नई दिल्ली/भाषा।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को उच्च सदन के 12 नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। संसद भवन में इस शपथ ग्रहण समारोह में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और महासचिव पी के मोदी भी उपस्थित थे। शपथ लेने वालों में धर्मशिला गुप्ता, मनोज कुमार झा, संजय यादव, गोविंदभाई लालजीभाई ढोलकिया, सुभाष चंदर, हर्ष महाजन, जी सी चंद्रशेखर, एल मुरुगन, अशोक सिंह, चंद्रकांत हंडोरे, मेधा विश्राम कुलकर्णी और साधना सिंह शामिल हैं। शपथ लेने वाले सदस्यों का कार्यकाल 3 अप्रैल से शुरू हो रहा है। राज्यसभा सचिवालय ने बताया कि शपथ लेने वाले 12 सांसदों में से सात भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), तीन कांग्रेस और दो राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के हैं। इनमें से तीन बिहार से, दो-दो महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश से और एक-एक गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश से हैं।

# भारत अपना पहला वाणिज्यिक रणनीतिक कच्चा तेल भंडारण बनाएगा

**नई दिल्ली/भाषा।** दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता और आयातक देश भारत कच्चे तेल का अपना पहला वाणिज्यिक रणनीतिक भंडारण बनाने की योजना बना रहा है। किसी भी आपात स्थिति में आपूर्ति बाधा से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है।

सरकार ने देश में रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार तैयार करने और उसके परिचालन के लिए विशेष इकाई इंडियन स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लि. (आईएसपीआरएल) का गठन किया है। इस इकाई ने कर्नाटक के पादुर में 25 लाख टन भूमिगत भंडारण बनाने के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं। निविदा दस्तावेज से यह जानकारी मिली है।

आईएसपीआरएल ने पहले चरण में तीन स्थानों पर 53.3 लाख टन का भंडारण बनाया था। ये तीन जगह आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम (13.3 लाख टन), कर्नाटक में मेंगलोर (15 लाख टन) तथा पादुर (25 लाख टन) हैं। तेल के भंडारण के लिए ये भूमिगत चट्टानी गुफाएं हैं। दूसरे चरण के तहत, आईएसपीआरएल की पादुर-दो में 5,514 करोड़ रुपए की लागत से वाणिज्यिक सह रणनीतिक भूमिगत पेट्रोलियम भंडार तैयार करने की योजना है। इसमें जमीन के ऊपर संबंधित सुविधाएं भी शामिल है।

इस निर्माण कार्य में 25 लाख टन कच्चे तेल के रणनीतिक भंडार के लिए एसपीएम (सिंगल पॉइंट मूरिंग) और संबद्ध पाइपलाइन (तट पर और अपतटीय) का निर्माण शामिल हैं।

# निर्दलीय सांसद सुमलता अम्बरीश ने भाजपा में शामिल होने की घोषणा की

## ■ मंड्या सीट से हटा पर्दा
## ■ मंड्या में काम करती रहेंगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मंड्या। लोकसभा की मंड्या सीट से निर्दलीय सांसद सुमलता अम्बरीश ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने की घोषणा की। इसी के साथ उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव में मंड्या से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के मौजूदा प्रत्याशी और जनता दल (एस) नेता एच डी कुमारस्वामी को अपना समर्थन दिया। अभिनय जगत से राजनीति में आईं 60 वर्षीय सुमलता ने अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा, ''मैं मंड्या नहीं छोड़ूंगी और आप आने वाले दिनों में मुझे यहां काम करते हुए देखेंगे। मैंने भाजपा में शामिल होने का फैसला किया है।''

सुमलता ने 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के समर्थन से मांड्या सीट पर कुमारस्वामी के बेटे निखिल को हराया था। पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा की अध्यक्षता वाली जद (एस) पिछले साल सितंबर में राजग में शामिल हुई थी। कर्नाटक में सीट बंटवारा समझौते के तहत भाजपा अब राज्य में 25 सीट पर चुनाव लड़ेगी जबकि जद(एस) मंड्या सहित शेष तीन सीट पर अपने प्रत्याशी उतारेगी।



> सुमलता ने कहा कि वह निर्दलीय सांसद थीं, इसके बावजूद केंद्र की भाजपा सरकार ने मंड्या निर्वाचन क्षेत्र को चार हजार करोड़ रुपये का अनुदान दिया। सुमलता ने मंड्या से संबंधित कोई भी निर्णय लेने से पहले हमेशा उन्हें विश्वास में लेने के लिए भाजपा नेताओं की प्रशंसा की।

सुमलता ने कहा कि वह निर्दलीय सांसद थीं, इसके बावजूद केंद्र की भाजपा सरकार ने मंड्या निर्वाचन क्षेत्र को चार हजार करोड़ रुपये का अनुदान दिया। सुमलता ने मंड्या से संबंधित कोई भी निर्णय लेने से पहले हमेशा उन्हें विश्वास में लेने के लिए भाजपा नेताओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुझसे कहा कि भाजपा को मेरी जरूरत है और मुझसे पार्टी न छोड़ने का अनुरोध किया, तो मुझे उनका सम्मान करना ही था। सुमलता के मुताबिक भाजपा ने उन्हें किसी और सीट से चुनाव लड़ने की पेशकश की लेकिन उन्होंने प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया क्योंकि वह मंड्या की बहू होने के नाते इस जिले से जुड़े रहना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि उनके समर्थक चाहते थे कि वह कांग्रेस में शामिल हो जाएं। उन्होंने कहा, लेकिन कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि पार्टी को उनकी जरूरत महसूस नहीं हुई, न तो पहले, न अभी और न ही भविष्य में। ऐसे में एक स्वाभिमानी व्यक्ति इन शब्दों को सुनकर कैसे कांग्रेस में जा सकता है। सुमलता ने अपने भावुक भाषण में मंड्या के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के बारे में बताया क्योंकि उनके पति दिवंगत अंबरीश इसी जिले से थे और पांच साल तक किए गए कार्यों की जानकारी दी। सुमलता के मुताबिक लोकसभा चुनाव बच्चों का खेल नहीं है और महिला के लिए निर्दलीय संसदीय चुनाव लड़ना और चुनौतीपूर्ण हो जाता है। उन्होंने कहा, ''हालांकि, आपने (जनता ने) 2019 में अपना आशीर्वाद दिया और मुझे निर्दलीय सांसद बनाया।''

मंड्या से मौजूदा सांसद ने बाद में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि उन्होंने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया क्योंकि वह जिद पर अड़ी नहीं रहना चाहती थीं। उन्होंने कहा, ''मैं चाहती हूं कि मंड्या में भाजपा आगे बढ़े।''

सुमलता ने कुमारस्वामी के लिए प्रचार करने के सवाल पर कहा, ''एक बार जब मैं भाजपा में शामिल हो जाऊंगी, तभी मैं पार्टी के दृष्टिकोण के अनुसार अपना रुख साझा कर सकती हूं।'' मंड्या की मौजूदा सांसद ने कहा कि उन्होंने भाजपा में शामिल होने के लिए कोई शर्त नहीं रखी है।



टुमकुरु में भाजपा प्रत्याशी वी सोम्मना ने अपना नामांकन पत्र भरा।



मैसूरू से भाजपा के प्रत्याशी यदुवीर कृष्णदत्त चामराजा वाडियार नामांकन पत्र भरते हुए।



मैसूरू में बुधवार को कांग्रेस प्रत्याशी लक्ष्मण द्वारा अपना नामांकन पत्र दाखिल किया गया। उस समय मुख्यमंत्री सिद्दरामैया, उपमुख्यमंत्री एवं केपीसीसी के अध्यक्ष डीके शिवकुमार, मंत्री वेंकटेशन, पूर्व मंत्री एवं विधायक तनवीर सेठ, विधायक मंथर गौड़ा, नेता मैरिथिब्बे गौड़ा आदि उपस्थित थे।

# शोभा करंदलाजे के पास 13.88 करोड़ रुपये की संपत्ति

## पर नहीं है कृषि भूमि और कार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने बुधवार को बेंगलुरु उत्तर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन आयोग को सौंपे हलफनामें में लगभग 13.88 करोड़ रुपये की संपत्ति होने की जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि उनपर 4.06 करोड़ रुपये की देनदारी भी है।



करंदलाजे (57) के हलफनामे के अनुसार, केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री के पास कोई कृषि भूमि और कार नहीं है और उनके पास केवल दोपहिया वाहन है। करंदलाजे ने यह भी बताया कि उनके पास लगभग 9.23 करोड़ रुपये की चल संपत्ति है और उनकी अचल संपत्ति का वर्तमान बाजार मूल्य लगभग 4.65 करोड़ रुपये है। उनके पास एक किलोग्राम सोने के बिस्कुट हैं जिनका बाजार मूल्य 68.40 लाख रुपये है। करंदलाजे के खिलाफ पांच आपराधिक मामले भी लंबित हैं।



# केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे और अन्य नेताओं ने लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक में 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे समेत कई उम्मीदवारों ने बुधवार को अपना नामांकन दाखिल किया। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने बेंगलूरु उत्तर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। उन्होंने पूर्व मंत्री बिरथी बसवराज और गोपालैया के साथ एक रोडशो भी किया।

कर्नाटक सरकार में मंत्री एच. सी. महादेवप्पा के बेटे सुनील बेस ने चामराजनगर से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया। उन्होंने मुख्यमंत्री सिद्दरामैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, गृह मंत्री जी परमेश्वर और सत्तारूढ़ दल के कुछ अन्य बड़े नेताओं के साथ एक रोडशो भी किया।

टुमकुरु में वी सोम्मना ने भाजपा प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पत्र भरा। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येडीयुरप्पा, विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक, पूर्व मुख्यमंत्री एवं जद एस के प्रमुख एचडी कुमारस्वामी आदि उपस्थित थे।

भाजपा ने चामराजनगर से विधान परिषद में विपक्ष के नेता एस. बालाराज को अपना उम्मीदवार बनाया है। बालाराज ने चामराजनगर लोकसभा सीट पर बेस के प्रतिद्वंद्वी के रूप में नामांकन दाखिल किया है। मैसूरु कोडागु लोकसभा क्षेत्र से भाजपा (एनडीए) के उम्मीदवार यदुवीर कृष्णदत्त चामराजा वाडियार ने एक विशाल रोड शो करते हुए अपना नामांकन पत्र भरा। इस मौके पर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष विजयेन्द्र येडीयुरप्पा, पूर्व मुख्यमंत्री और जेडीएस के प्रदेश अध्यक्ष एचडी कुमारस्वामी, जेडीएस कोर कमेटी के अध्यक्ष जीटी देवेगौड़ा, राजा माता प्रमोदादेवी वाडियार, सांसद प्रतापसिम्हा, पूर्व सांसद विजय शंकर, विधायक टीएम श्रीवत्स, जीटी हरीश गौड़ा, बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष एम. राजेंद्र , राज्य सचिव शरणु तुश्रीकेरी, भाजपा और जेडीएस पार्टियों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। के. जयप्रकाश हेगड़े ने उडुपी-चिकमंगलूर लोकसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया। हेगड़े कुछ वक्त पहले तक कर्नाटक राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष थे और उन्होंने ही सरकार को बहुप्रतीक्षित सामाजिक-आर्थिक एवं शिक्षा सर्वेक्षण रिपोर्ट सौंपी थी, जिसे 'जातिगत जनगणना' के रूप में जाना जाता है।

दक्षिण कन्नड़ से कांग्रेस उम्मीदवार आर पद्मराज ने भी नामांकन दाखिल किया। आगामी आम चुनाव के पहले चरण के तहत कर्नाटक की 28 लोकसभा सीट में से 14 पर मतदान होगा, जिसके लिए नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख चार अप्रैल है। नामांकन की जांच, पांच अप्रैल को होगी और आठ अप्रैल को नाम वापस लेने का आखिरी दिन है।

# सूखा राहत के लिए केंद्र से संपर्क करने में देरी का आरोप साबित हुआ तो इस्तीफा दे दूंगा : सिद्दरामैया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने बुधवार को कहा कि अगर यह साबित हो गया कि सूखा राहत के लिए केंद्र को प्रस्ताव सौंपने में उनकी सरकार की ओर से देरी हुई है तो वह अपने पद से इस्तीफा दे देंगे। सिद्दरामैया ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से इस संबंध में लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया।

शाह ने मंगलवार को बेंगलूरु में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं और नेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कर्नाटक में सूखे की स्थिति है और राज्य सरकार ने राहत के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजने में तीन महीने की देरी की है और 'सूखा राहत का आवेदन निर्वाचन आयोग के पास है'।

सिद्दरामैया ने शाह पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए आश्चर्य जताया कि अगर यह साबित हो गया तो क्या केंद्रीय मंत्री भी अपने पद से इस्तीफा दे देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा, सितंबर में हमने इस संबंध में पहला ज्ञापन सौंपा था, अक्टूबर में केंद्रीय टीम (अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीम - आईएमसीटी) आई थी, उन्होंने भी 20 अक्टूबर को अपनी रिपोर्ट केंद्र सरकार को दे दी थी, अगर यह झूठ है, तो मैं अपने पद से इस्तीफा दे दूंगा। क्या वह (शाह) अपने पद से (इस्तीफा) देंगे? क्या अमित शाह देंगे इस्तीफा? उनसे पूछो। उन्हें निर्णय लेने दो।



सिद्दरामैया ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''अक्टूबर में ही हम तीन बार ज्ञापन दे चुके हैं, उसके बाद केंद्रीय टीम ने आकर निरीक्षण किया और रिपोर्ट दी। 19 दिसंबर को मैं प्रधानमंत्री से मिला और 20 दिसंबर को अमित शाह से मिला। मैंने उन्हें रिपोर्ट के बारे में बताया और उनसे एक बैठक आयोजित करने और हमें राहत देने का अनुरोध किया।'' उन्होंने कहा, ''दिसंबर के बाद चार महीने हो गए हैं। फिर वह कैसे कह सकते हैं कि हमने ज्ञापन देने में देरी की? हमने पांच महीने पहले ज्ञापन दिया था, अब छह महीने होने को हैं, फिर भी उन्होंने कोई राहत नहीं दी, उन्हें यह दावे करने का कौन सा नैतिक अधिकार है? अगर देश के गृह मंत्री इस तरह से सफेद झूठ बोलते हैं...'' सिद्दरामैया ने सवाल करते हुए कहा, ''क्या यह सच नहीं है कि राज्य के राजस्व मंत्री और मैं 20 दिसंबर को एक अनुरोध के साथ उनसे (शाह) मिले थे? क्या यह सच नहीं है कि उन्होंने मुझसे कहा था कि उन्होंने 23 दिसंबर को बैठक बुलाई है और वहां इस पर फैसला होगा? मैं इसे साबित करने के लिए तैयार हूं। ये सभी दस्तावेज उच्चतम न्यायालय में जमा कर दिए गए हैं। अमित शाह को इतना झूठ नहीं बोलना चाहिए।'' गौरतलब है कि कर्नाटक सरकार ने पिछले महीने उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर कर सूखा प्रबंधन के लिए राज्य को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) से वित्तीय सहायता जारी करने के लिए केंद्र को निर्देश देने की मांग की थी।



बुधवार को मैसूरु में मैसूरु से कांग्रेस के प्रत्याशी लक्ष्मण के समर्थन में निकाली गई रैली में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री सिद्दरामैया एवं उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार।

# 'कर्नाटक में कोई 'मोदी लहर' नहीं'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। लोकसभा चुनाव से पहले कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डी. के. शिवकुमार ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी की स्थिति अच्छी है और राज्य में कोई 'मोदी लहर' नहीं है। शिवकुमार ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने चार साल के कार्यकाल के दौरान राज्य में कुछ नहीं किया और अपना कोई वादा पूरा नहीं किया। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' के साथ एक विशेष साक्षात्कार में कहा, ''जहां तक कर्नाटक का सवाल है, कांग्रेस की स्थिति अच्छी है। कर्नाटक में कोई मोदी लहर नहीं है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने शासन के पिछले 10 वर्षों के दौरान कर्नाटक में कोई छाप नहीं छोड़ी है।''उपमुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने कर्नाटक से करों के रूप में करोड़ों रुपये एकत्र किए थे, लेकिन राज्य को बदले में कुछ भी नहीं मिला, यहां तक कि 236 में से 230 तालुकों में भीषण सूखे का सामना करने के दौरान भी नहीं। बेंगलूरु ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र में उनके भाई और तीन बार के सांसद डी. के. सुरेश के खिलाफ भाजपा की ओर से प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सी. एन. मंजूनाथ को चुनाव मैदान में उतारने को लेकर शिवकुमार ने दावा किया कि कांग्रेस दो लाख से अधिक मतों के अंतर से जीत हासिल करेगी।

कर्नाटक में भाजपा-जनता दल (सेक्युलर) के चुनावी गठबंधन के बारे में शिवकुमार ने कहा कि यह एक असफल गठबंधन है और लोग उन्हें खारिज कर देंगे। उन्होंने दावा किया कि मंड्या से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार जद(एस) नेता एच डी कुमारस्वामी और इस दल के सभी उम्मीदवार हार जाएंगे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा कथित तौर पर उनके खिलाफ भ्रष्टाचार का आरोप लगाए जाने के बारे में पूछे जाने पर शिवकुमार ने कहा कि यह उनके खिलाफ एक राजनीतिक आरोप है। उपमुख्यमंत्री ने कहा, मेरे खिलाफ कुछ भी नहीं है, वे कुछ भी साबित नहीं कर सकते। ये मेरे खिलाफ निराधार आरोप हैं। उन्होंने लोकसभा चुनाव के लिए टिकट वितरण पर पार्टी में किसी भी तरह के असंतोष से इनकार करते हुए कहा कि पूरी कांग्रेस पार्टी एकजुट है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, कोई असहमति नहीं है और 24 घंटे के भीतर हम इसे सुलझा लेंगे। लेकिन भाजपा में, पार्टी अंदर से जल रही है। भाजपा कार्यकर्ता भाजपा को ही खत्म करने जा रहे हैं। भाजपा ने लगभग 10 सीट पर (उम्मीदवार) बदल दिए हैं और वे जानते हैं कि वे प्रचार अभियानों में हार रहे हैं।

# राजीव गांधी की हत्या के मामले के तीन दोषी श्रीलंका लौटे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। राजीव गांधी हत्याकांड मामले के तीन दोषी बुधवार को श्रीलंका लौट गए। तीनों दोषी मुरुगन उर्फ श्रीहरन, जयकुमार और रॉबर्ट पायस श्रीलंका के नागरिक हैं तथा पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या के मामले में तीन दशकों तक जेल की सजा काटने के बाद उच्चतम न्यायालय ने करीब दो वर्ष पहले उन्हें रिहा कर दिया था। अधिकारियों के मुताबिक, मुरुगन उर्फ श्रीहरन, जयकुमार और रॉबर्ट पायस श्रीलंका के एक विमान से बुधवार को कोलंबो के लिए रवाना हुए।

तमिलनाडु सरकार ने पिछले महीने मद्रास उच्च न्यायालय को सूचित किया था कि श्रीलंकाई उच्चायोग ने मुरुगन और अन्य को यात्रा दस्तावेज जारी कर दिये हैं और विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) द्वारा निर्वासन आदेश जारी करने के बाद वे (सभी दोषी) घर वापस जा सकते हैं।

मुरुगन ने अदालत में याचिका दायर कर संबंधित अधिकारियों को उन्हें एक फोटो पहचान पत्र उपलब्ध कराने का निर्देश देने की मांग की थी। उच्चतम न्यायालय ने इस हत्याकांड के मामले में नवंबर 2022 को सात दोषियों को रिहा किया था, जिसमें ये तीनों श्रीलंकाई नागरिक भी शामिल थे। दोषियों की रिहाई के बाद उन्हें तिरुचिरापल्ली में एक विशेष शिविर में रखा गया था। वे कल रात यहां पहुंचे और आज (बुधवार को) कोलंबो के लिए रवाना हुए।

इससे पहले मुरुगन की पत्नी नलिनी ने भी अदालत का रुख कर अधिकारियों को यह निर्देश देने की मांग की थी कि उनके पति को 'सभी देशों का पासपोर्ट' प्राप्त करने के लिए यहां श्रीलंकाई उच्चायोग के सामने पेश होने की अनुमति दी जाए। दंपति का मकसद अपनी बेटी से मिलना है, जो फिलहाल ब्रिटेन में रह रही है। मामले में दोषी ठहराए गए एक अन्य श्रीलंकाई नागरिक संथन की हाल ही में यहां मौत हो गई थी। इस मामले में जिन अन्य लोगों को दोषी ठहराया गया और रिहा किया गया वे सभी भारतीय हैं।

रिहा किये गये दोषियों में पेरारिवलन, रविचंद्रन और नलिनी शामिल हैं। सभी सातों दोषियों ने 30 वर्षों से अधिक समय जेल में बिताया था। नलिनी ने घर वापस जाने से पहले बुधवार को हवाई अड्डे पर मुरुगन और अन्य लोगों से मुलाकात की।

राजीव गांधी की 21 मई, 1991 को श्रीपेरंबुदूर के पास प्रतिबंधित लिट्टे की एक आत्मघाती हमलावर ने चुनावी सभा के दौरान हत्या कर दी थी। इस मामले में सात लोगों को दोषी ठहराया गया था, जिनमें से नलिनी समेत चार को मौत की सजा दी गई थी लेकिन बाद में इसे उम्रकैद में तब्दील कर दिया गया।

## जागरूकता रैली




बेलगावी में बुधवार को आगामी संसदीय चुनाव के लिए मतदाता जागरूकता रैली में भाग लेते ट्रांसजेंडर सदस्य और अन्य।

# तमिलनाडु सरकार ने केंद्र के खिलाफ न्यायालय का रुख किया, प्राकृतिक आपदा राहत निधि जारी करने की मांग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई/नई दिल्ली। तमिलनाडु सरकार ने राज्य के लिए प्राकृतिक आपदा राहत निधि को केंद्र सरकार द्वारा रोके जाने का आरोप लगाते हुए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।

एम. के. स्टालिन के नेतृत्व वाली द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार ने शीर्ष अदालत में केंद्र के खिलाफ मूल वाद दायर करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 131 का इस्तेमाल किया है, जो उच्चतम न्यायालय के मूल क्षेत्राधिकार से संबंधित है। सर्वोच्च न्यायालय के पास राज्यों के बीच या राज्य और केंद्र सरकार या उसकी संस्थाओं के बीच कानूनी मुद्दों पर विशेष और मूल क्षेत्राधिकार उपलब्ध है। राज्य सरकार ने हाल ही में आई बाढ़ और चक्रवात मिचौंग से हुए नुकसान के लिए केंद्र को 37,000 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता प्रदान करने का निर्देश देने का न्यायालय से आग्रह किया।

तमिलनाडु सरकार ने पिछले साल दिसंबर में चक्रवात मिचौंग से हुए नुकसान के लिए 19,692.69 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता के अनुरोध के अलावा राज्य के दक्षिणी जिलों में अभूतपूर्व बारिश से हुए नुकसान के लिए 18,000 करोड़ रुपये धनराशि की मांग की है। याचिका में केंद्र को अंतरिम उपाय के रूप में 2000 करोड़ रुपये जारी करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

कर्नाटक सरकार ने हाल ही में यह आरोप लगाते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया है कि केंद्र सूखे की स्थिति से निपटने के लिए उसे वित्तीय सहायता नहीं दे रहा है। इसने यह निर्देश देने का अनुरोध किया था कि राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष से धन जारी किया जाए।



# 'इंडी अलायंस' के आधे नेता जेल में और आधे नेता 'बेल' पर हैं : नड्डा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

झालावाड़। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए बुधवार को कहा कि 'इंडी अलायंस' के आधे नेता जेल में हैं और आधे 'बेल' (जमानत) पर हैं। उन्होंने कहा, इनको देश से कोई लेना देना नहीं है। ये परिवार बचाने में लगे हैं, अपनी पार्टियां बचाने में लगे हैं। इसके विपरीत, भाजपा मोदी जी के नेतृत्व में देश को आगे ले जाने का काम कर रही है। नड्डा झालावाड़ में भाजपा की चुनाव सभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा, आज-कल 'इंडी अलायंस' बहुत चल रहा है। यह 'इंडी अलायंस' क्या है? यह दो ही चीजों का अलायंस (गठबंधन) है... एक तो भ्रष्टाचार बचाओ गठबंधन और दूसरा उन परिवारों की पार्टियां हैं जिसमें अध्यक्ष भी परिवार का, संसदीय बोर्ड भी परिवार का, महासचिव भी परिवार का और उसमें मंत्री भी परिवार का... ऐसी परिवारवादी पार्टियां अपनी पार्टी को बचाने में लगी हैं। कांग्रेस पर कोयला घोटाले सहित कई घोटालों में संलिप्त होने का आरोप लगाते हुए नड्डा ने कहा, यानि गगन नहीं छोड़ा, पाताल नहीं छोड़ा, जल नहीं छोड़ा, तीनों लोकों में घोटाला ही घोटाला।

उन्होंने विपक्षी गठबंधन से जुड़े अखिलेश यादव, लालू यादव, तेजस्वी यादव, ममता बनर्जी एवं अरविंद केजरीवाल सहित अनेक नेताओं पर विभिन्न घोटालों में शामिल होने का आरोप लगाया। नड्डा ने कहा, आप बताइए राहुल गांधी जमानत पर हैं या नहीं? सोनिया गांधी जमानत पर हैं या नहीं? पी चिदंबरम जमानत पर हैं या नहीं? आप बताइए संजय सिंह जमानत पर हैं या नहीं?... सब जमानत पर हैं कि नहीं? आप बताइए अरविंद केजरीवाल जेल में हैं कि नहीं? आप बताइए कविता जेल में है या नहीं? आप बताइए मनीष सिसोदिया जेल में है कि नहीं है? आप बताइए सत्येंद्र जैन जेल में हैं कि नहीं हैं? ये इंडी एलायंस के नेता आधे जेल में हैं और आधे जमानत पर हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा,.. यह भाजपा है जो मोदी जी के नेतृत्व में देश को आगे ले जाने का



काम कर रही है। हम विकसित भारत के संकल्प को लेकर आगे बढ़े हैं। हम गांव, गरीब, वंचित, पीड़ित, शोषित, दलित, युवा, किसान, महिला-- इनकी आंखों के आंसू को पोंछ कर एक नए भारत को आगे बढ़ाने के काम में मोदी जी के नेतृत्व में लगे हैं। इस काम में हम जुटे हैं।

उन्होंने कहा कि भारत देश में भ्रष्टाचार मुक्त और विकासोन्मुखी सरकार की आकांक्षा रखता है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज गांवों की तस्वीर बदल गई है। उन्होंने कहा,भारत की आकांक्षा है कि देश में भ्रष्टाचार मुक्त, विकास युक्त सरकार हो। भारत की आकांक्षा है कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेज गति से आगे बढ़े। भारत की आकांक्षा है कि मोदी के नेतृत्व में देश अकल्पनीय विकास के माध्यम से एक विकसित देश के रूप में खड़ा हो जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश तेज गति से आगे बढ़ा है और उनके नेतृत्व में गांवों की तस्वीर बदल गई है। उन्होंने दावा किया कि 2014 में देश का प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने मात्र 1,000 दिन में 18,000 गांवों को बिजली पहुंचाई। केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों पर प्रकाश डालते हुए नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया जा रहा है, परिणाम स्वरूप आज देश में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठ गए हैं। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे एवं झालावाड़ बारां से पार्टी के प्रत्याशी दुष्यंत सिंह भी मौजूद थे। राजस्थान में लोकसभा चुनाव दो चरणों में 19 और 26 अप्रैल को होंगे। पहले चरण में 19 अप्रैल को 12 सीट--गंगानगर, बीकानेर, चूरू, झुंझुनू, सीकर, जयपुर ग्रामीण, जयपुर, अलवर भरतपुर, करौली-धौलपुर, दौसा और नागौर में मतदान होगा। दूसरे चरण में 13 सीट--टोंक-सवाई माधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालौर, उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़-बारां पर 26 अप्रैल को मतदान होगा।

केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों पर प्रकाश डालते हुए नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया जा रहा है, परिणाम स्वरूप आज देश में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठ गए हैं।

विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा,आज-कल इंडी एलायंस बहुत चल रहा है। यह दो ही चीजों का गठबंधन है एक तो भ्रष्टाचार बचाओ गठबंधन है। दूसरा परिवारवादी पार्टियां अपनी पार्टी को बचाने में लगी हैं। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे एवं झालावाड़ बारां से पार्टी के प्रत्याशी दुष्यंत सिंह भी मौजूद थे।

# पूर्व कांग्रेस सांसद पन्नू सहित कई नेता भाजपा में शामिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। गंगानगर से पूर्व कांग्रेस सांसद शंकर पन्नू सहित अनेक नेता बुधवार को यहां भारतीय जनता पार्टी भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा के यहां प्रदेश मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सांसद पन्नू, पूर्व विधायक जे पी चंदेलिया, नंदकिशोर महरिया और शिमला देवी के साथ विधानसभा चुनाव लड़ने वाले कई नेताओं ने भाजपा का दामन थामा। पार्टी के बयान के अनुसार प्रदेश सह-प्रभारी विजया राहटकर, जॉइनिंग कमेटी के संयोजक अरूण चतुर्वेदी और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया ने इन नेताओं को पार्टी में स्वागत किया।

इस अवसर पर राहटकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजय रथ को आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश का हर वर्ग साथ है। उन्होंने कहा कि युवा, महिला, गरीब और किसान सभी वर्गों का प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों पर विश्वास है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान में लोकसभा चुनाव दो चरणों में 19 और 26 अप्रैल को होंगे।

# राजस्थान में मजिस्ट्रेट पर दुष्कर्म पीड़िता से कपड़े उतारने के लिए कहने का आरोप, मामला दर्ज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के करौली जिले में एक मजिस्ट्रेट के खिलाफ दुष्कर्म पीड़िता से अपनी चोटें दिखाने के लिए कपड़े उतारने को कहने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक (अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति) प्रकोष्ठ मीना मीणा ने बताया कि दुष्कर्म पीड़िता ने 30 मार्च को हिंडौन की स्थानीय अदालत के मजिस्ट्रेट के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।

उन्होंने बताया कि युवती ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि मजिस्ट्रेट ने उसे चोटें दिखाने के लिए कपड़े उतारने को कहा था। अधिकारी ने कहा, उसने कपड़े उतारने से इनकार कर दिया और 30 मार्च को अदालत में बयान दर्ज कराने के बाद मजिस्ट्रेट के खिलाफ मामला दर्ज कराया। मजिस्ट्रेट के खिलाफ कोतवाली पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि युवती की शिकायत पर भारतीय दंड संहिता की धारा 345 और अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस के अनुसार दलित युवती से 19 मार्च को कथित तौर पर दुष्कर्म किया गया था और 27 मार्च को हिंडौन सदर पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई।

# मुकुंदरा में 'वाइल्ड़ लाइफ ट्यूरिज्म' के विकास के लिए बाघ बसाने पर जोर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोटा। राजस्थान में कोटा के मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व में बाघों को आबाद करने में बरती जा रही ढिलाई पर प्रमुख वन्य जीव एवं पर्यावरण प्रेमी संगठनों ने गहरा खेद व्यक्त करते हुये कहा है कि ..वाइल्ड़ लाइफ टूरिज्म.. का विकास कर युवाओं के लिये रोजगार के नये अवसर पैदा करने के साथ ही बाघों को बसाने में गंभीरता से प्रयास करके तेजी लाने की आवश्यकता है। कोटा के विभिन्न वन्यजीव एवं पर्यावरण संगठनों पगमार्क फाउंडेशन, सोसाइटी फॉर कंजर्वेशन ऑफ हिस्टोरिकल एंड इकोलॉजिकल रिसोर्सेज, चंबल रेस्क्यू फोर्स, बाघ-चीता मित्र, चंबल संसद, जल बिरादरी और अन्य सहयोगी संस्थाओं की ओर से बुधवार को नयापुरा स्थित चिड़ियाघर के उप वन संरक्षक (वन्यजीव) कार्यालय के बाहर अपनी मांगों को लेकर धरना दिया गया। इसके बाद मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक को दिये गये एक ज्ञापन में कहा गया है कि मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व में बाघों को बसाने की शुरुआती प्रक्रिया के रूप में कोटा स्थित अभेड़ा बायोलॉजिकल पार्क में एक वर्ष से भी अधिक समय से बंधक के रूप में रखे गये बाघ शावकों को तुरंत प्रभाव से दरा स्थित टाइगर एन्क्लोजर में मुक्त किया जाना चाहिये जिससे वन्यजीव के रूप में इनकी प्राकृतिक बसाहटें बनी रहें। वर्तमान में नर का वजन लगभग 150 किग्रा एवं मादा का वजन लगभग 120 किग्रा है। ये अवयस्क बाघ-बाघिन बन चुके हैं। निश्चित ही ये शावक आने वाले वर्षों में मुकंदरा को आबाद करने में सहायक हो सकेंगे।

कोटा के वन एवं वन्यजीव,पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि किसी भी संरक्षित बाघ वन क्षेत्र के लिये बाघ-बाघिन का जो लिंगानुपात होना चाहिये, उसे विचाराधीन रखते हुये पूर्व में ही तय किये जा चुके सैद्धांतिक अनुबंध के अनुसार मुकंदरा में जल्दी से जल्दी और बाघ-बाघिन लाने की प्रकिया में तेजी लानी चाहिये। पर्यावरण प्रेमियों ने आग्रह किया है कि बाघों के साथ अन्य मांसाहारी वन्य जीवों की आवश्यकतानुसार मुकंदरा में प्रे-बेस बढ़ाने चाहिये। यद्यपि विभाग ने पूर्व में भी केवलादेव सहित अन्य स्थानों से लाकर चीतल छोड़े थे, लेकिन वर्तमान में यह प्रक्रिया पूर्णत: रुकी हुई है।

## नामांकन सभा



लोकसभा क्षेत्र कोटा के सांसद एवं प्रत्याशी ओम बिरला की नामांकन सभा में शिरकत करते प्रदेश मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं अन्य भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता।

## स्वागत



टोंक में बुधवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के यहां पहुँचने पर उनका स्वागत करते विधायक, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ता।

### मानव अंग प्रत्यारोपण की फर्जी एनओसी मामला

# चिकित्सा शिक्षा आयुक्त की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय कमेटी गठित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर प्रदेश में मानव अंग प्रत्यारोपण की फर्जी एनओसी मामले एवं निजी अस्पताल में अंग प्रत्यारोपण प्रकरण के संबंध में जांच के लिए चिकित्सा शिक्षा आयुक्त की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय उच्च स्तरीय कमेटी गठित की है। यह समिति 15 दिवस में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। अतिरिक्त मुख्य सचिव, चिकित्सा शिक्षा, श्रीमती शुभ्रा सिंह ने बताया कि चिकित्सा शिक्षा आयुक्त की अध्यक्षता में गठित इस उच्च स्तरीय कमेटी में रजिस्ट्रार राजस्थान मेडिकल कौंसिल, मानव अंग एवं उत्तक प्रत्यारोपण के प्राधिकृत अधिकारी, वरिष्ठ विधि परामर्शी तथा शासन उप सचिव चिकित्सा शिक्षा को सदस्य एवं नोडल अधिकारी-एनओटीपी को सदस्य सचिव के रूप में नामित किया गया है। यह समिति अंग प्रत्यारोण की फर्जी एनओसी प्रकरण, निर्धारित प्रावधानों के तहत मानव अंग प्रत्यारोपण के लिए पंजीकृत सभी निजी अस्पतालों के संबंध में निदेशक जनस्वास्थ्य द्वारा गठित निरीक्षण दलों के माध्यम से प्राप्त सत्यापित रिकॉर्ड की विस्तृत जांच करेगी। इसके साथ ही राज्य स्तरीय अधिप्रमाणन समिति की कार्य प्रणाली का परीक्षण कर लाइव ट्रांसप्लांट की मॉनिटरिंग के लिए एसओपी तैयार करने एवं एनओसी प्रक्रिया का विस्तृत अध्ययन कर आवश्यक सुझाव भी प्रस्तुत करेगी। उल्लेखनीय है कि अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्रीमती शुभ्रा सिंह ने स्व प्रसंज्ञान लेते हुए मानव अंग प्रत्यारोपण की फर्जी एनओसी एवं निजी अस्पताल में अंग प्रत्यारोपण प्रकरण के संबंध में जांच के लिए उच्च स्तरीय कमेटी गठित कर 15 दिवस में रिपोर्ट सौपने के निर्देश दिए थे।

# शत प्रतिशत मतदान के लिए 'आओ बूथ चलें अभियान' के तहत बहुआयामी प्रयास

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान निर्वाचन विभाग द्वारा लोकसभा आम चुनाव-2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और मतदान दिवस नजदीक आने के साथ-साथ जागरूकता गतिविधियों को और बढ़ाया जा रहा है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेशभर में स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। प्रथम चरण के तहत मतदान वाले निर्वाचन क्षेत्रों में आओ बूथ चले अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राज्य निर्वाचन विभाग के विभिन्न जागरुकता अभियानों में मतदाताओं की शत प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए सात और 14 अप्रैल को बूथ स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें सभी संबंधित विभागों के कर्मचारी मौजूद रहेंगे।

गुप्ता ने बताया कि शत प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से प्रथम चरण वाले लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदान केंद्रों पर 7 और 14 अप्रैल को विशेष मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आओ बूथ चले अभियान के तहत मतदान केंद्रों पर मतदाता मार्गदर्शिका और मतदाता पर्ची के वितरण सहित अन्य गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस संबंध में अलवर, भरतपुर, बीकानेर, चुरू, दौसा, धौलपुर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, जयपुर, झुंझुनूं, करौली, नागौर और सीकर जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। प्रथम चरण के मतदान के लिए 23 हजार 651 मतदान केंद्र एवं 719 सहायक मतदान केंद्रों को मिलाकर 24 हजार 370 मतदान केंद्र हैं।

उन्होंने बताया कि मतदान दिवस पर मतदान केंद्र पर सेल्फी पाइंट लगाए जाएंगे। मतदान के बाद यहां सेल्फी लेकर सीईओ राजस्थान की वेबसाइट पर पोस्ट करने पर सर्टिफिकेट दिया जाएगा। बेस्ट सेल्फी को सम्मानित भी किया जाएगा। साथ ही सुबह सात से दस बजे तक हैप्पी आवर्स में मतदान करने वाले मतदाताओं से वृक्षारोपण करवाकर सम्मानित किया जाएगा। नवविवाहित वर-वधु द्वारा मतदान कर सेल्फी अपलोड करने पर सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। संयुक्त परिवार की तीन पीढ़ियों, दादा-दादी, बेटा-बेटी और पोता-पोती द्वारा मतदान कर सेल्फी अपलोड करने पर सम्मानित किया जाएगा।

प्रथम चरण में 12 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। इन क्षेत्रों के मतदान केंद्रों पर सात और 14 अप्रैल को निम्न मतदाता जागरूकता गतिविधियों आयोजित की जाएंगी।

# कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से नेतृत्वविहीन और डूबती हुई नाव इसमें कौन सवार होना चाहेगा : अरूण चतुर्वेदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर उनके नेतृत्व में राष्ट्रनिर्माण के लिए कंधे से कंधा मिलाकर काम करने का संकल्प लेते हुए आज भाजपा प्रदेश कार्यालय पर विभिन्न राजनैतिक दलों से आए सांसद, पूर्व मंत्री, विधायक, प्रधान, जिला परिषद सदस्य और पंचायत समिति सदस्यों सहित 314 नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश सह-प्रभारी विजया राहटकर, जॉइनिंग कमेटी के संयोजक अरूण चतुर्वेदी और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया, प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र गोठवाल और श्रवण सिंह बगड़ी ने श्री गंगानगर के पूर्व सांसद एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शंकर पन्नू, पूर्व विधायक जे पी चंदेलिया, पूर्व विधायक नंदकिशोर महरिया, शिमला देवी बावरी, फतेहपुर विधानसभा प्रत्याशी पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मधुसूदन भिंडा, गंगानगर से प्रत्याशी रहे पृथ्वीपाल सिंह, झुंझुनू से पूर्व प्रत्याशी रहे राजेन्द्र भामू , पिलानी से पूर्व प्रत्याशी कैलाश मेघवाल, ब्राह्मण महासभा के प्रदेश सचिव विजय कौशिक, पूर्व जिलाध्यक्ष झुंझुनू सुभाष शर्मा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष गुलाब कंवर, कांग्रेस के महामंत्री रहे नरेन्द्र इंदौरिया, जेजेपी यूथ विंग के प्रदेशाध्यक्ष प्रतीक महरिया, युवा ब्राहमण महासभा के प्रदेश महामंत्री निखिल इंदौरिया और ब्यावर से प्रत्याशी रहे इंद्र सिंह बाघावास सहित सैंकड़ो नेताओं को भाजपा का दुपट्टा पहनाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई।

सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश सह-प्रभारी विजया राहटकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजय रथ को आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश का हर वर्ग साथ है। युवा, महिला, गरीब और किसान सभी वर्गों का पीएम मोदी की नीतियों पर विश्वास है। राजस्थान में भाजपा की डबल इंजन सरकार भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में बेहतर काम कर रही है।



## जनसंपर्क

नागौर में बुधवार को ग्राम पंचायत छीला में आयोजित चुनावी जनसंपर्क सभा को संबोधित कर मत व समर्थन की अपील करती भाजपा प्रत्याशी ज्योति मिर्धा।

# हस्ताक्षर अभियान का आगाज, कहा-मतदान से करें लोकतंत्र को मजबूत

चूरू। लोकसभा चुनाव के दौरान अधिकतम मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने के लिए संचालित स्वीप गतिविधियों अंतर्गत बुधवार को चूरू पंचायत समिति में हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया गया। चूरू ब्लॉक स्वीप प्रभारी बीडीओ प्रवीण कुमार सोनी व मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ओमदत सहारण ने हस्ताक्षर कर अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर बीडीओ सोनी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि हमें लोकसभा चुनाव में आवश्यक तौर पर मतदान कर लोकतंत्र की मजबूती का संदेश देना है। स्वीप गतिविधि प्रभारी शिव कुमार शर्मा ने बताया कि संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र में बूथ क्षेत्र के मुख्य स्थानों, चौक-चौपालों पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए यह अभियान आज से शुरू किया गया है। इस अवसर पर स्वीप नोडल सह प्रभारी मनोज कुमार मीणा, सोनू शर्मा, सुमन, रितु, विमला, राधा आदि अधिकारी, कर्मचारी व आमजन उपस्थित थे।

# पीएफआई से समर्थन मिलने पर कांग्रेस को स्मृति ईरानी ने निशाना बनाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**भोपाल/भाषा।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने बुधवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि विपक्षी दल इतना नीचे गिर गया है कि वह चुनाव जीतने के लिए ''आतंकवादी संगठनों'' से मदद मांग रहा है। वह स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित 'पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई)' की राजनीतिक शाखा 'सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई)' का जिक्र कर रही थीं, जो आगामी लोकसभा चुनाव के लिए केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) को समर्थन दे रही है।

ईरानी ने हाल में दिल्ली में एक रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा की गई इस टिप्पणी को लेकर उनपर भी निशाना साधा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मैच फिक्सिंग के माध्यम से चुनाव जीतती है और संविधान बदलती है, तो देश आग में जल जाएगा। गांधी ने बुधवार को केरल की वायनाड सीट से अपना लोकसभा चुनाव नामांकन पत्र दाखिल किया, जिसका वह वर्तमान में प्रतिनिधित्व करते हैं।

मध्य प्रदेश के पन्ना में एक रैली को संबोधित करते हुए, ईरानी ने कहा, मैंने सुना है कि कुछ लोग आज वायनाड में अपना नामांकन पत्र दाखिल कर रहे हैं। मेरी पार्टी (भाजपा) के राज्य (केरल) अध्यक्ष उनके खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं और कह रहे हैं कि अब उनकी (गांधी की) राजनीति इतनी खराब हो गई है कि वह आतंकवादी संगठनों से मदद मांग रहे हैं।

ईरानी भाजपा की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष वी डी शर्मा के साथ पन्ना में थीं जो खजुराहो लोकसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंचे थे। शर्मा इस सीट से मौजूदा भाजपा सांसद हैं जिन्हें पार्टी ने दोबारा नामांकित किया है। महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा कि ये वही लोग हैं जिन्होंने कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने का संसद में विरोध किया था। उन्होंने कहा, ये वही लोग हैं जिन्होंने तब सबूत मांगा था जब भारतीय वायु सेना ने पाकिस्तान के अंदर जाकर दुश्मन के शिविरों पर हमला किया था।

ईरानी ने कहा कि ये लोग धमकी दे रहे हैं कि अगर नरेन्द्र मोदी दोबारा प्रधानमंत्री बने तो देश में आग लग जाएगी। उन्होंने कहा, मैं राहुल गांधी से कहना चाहती हूं कि कान खोलकर सुन लें कि इस देश को पहले भी गोरे लोगों (अंग्रेजों) ने चुनौती दी थी, लेकिन इसने उन्हें हरा दिया। इस देश को पहले भी दुश्मनों ने चुनौती दी थी और यहां के मूल निवासियों ने उन्हें धूल चटाई थी। अगर आप देश के लोकतंत्र को कलंकित करने की धमकी देंगे और लोगों को भड़काएंगे तो यह देश आपको नहीं छोड़ेगा।

ईरानी ने कहा कि विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन को नहीं पता कि 2024 में क्या करना है, जबकि भारतीय जनता पार्टी के पास 2047 का विजन है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया : भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा



**पुरी/भाषा।** ओडिशा की पुरी सीट से एक बार फिर अपनी राजनीतिक किस्मत आजमा रहे भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 के चुनाव में अपनी हार के बावजूद वह पुरी शहर एवं राज्य के लोगों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पात्रा 2019 के आम चुनाव में पुरी सीट पर बीजू जनता दल (बीजद) के उम्मीदवार पिनाकी मिश्रा से मामूली अंतर से हार गए थे।

इस बार पात्रा का मुकाबला मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त अरूप पटनायक से है। बीजद ने मिश्रा के स्थान पर पटनायक को अपना उम्मीदवार बनाने का फैसला किया है।

पात्रा ने 'पीटीआई वीडियो' से बातचीत में कहा, हमें 'नरेन्द्र मोदी जी की गारंटी' पर विश्वास करना है और भरोसा रखना है। वह भारत को पूरी तरह से एक अलग दायरे में ले गए हैं। उन्होंने हमसे वादा किया है कि यदि भाजपा 2024 में केंद्र की सत्ता में फिर से आएगी तो भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। पात्रा ने सोमवार को पिछले पांच वर्षों में किए गए अपने कार्यों का रिपोर्ट कार्ड जारी किया था।



## सपा और कांग्रेस कभी नहीं चाहती थी कि राम मंदिर का निर्माण हो : अमित शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुजफ्फरनगर (उप्र)/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस कभी नहीं चाहती थीं कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो, मगर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'केस जीतकर' मंदिर का निर्माण कराया।

शाह ने भाजपा और राष्ट्रीय लोकदल की संयुक्त रैली को संबोधित करते हुए विपक्ष के 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया)' के प्रमुख घटक दलों समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा, अखिलेश यादव जी की पार्टी और कांग्रेस कभी नहीं चाहती थीं कि अयोध्या में राम मंदिर बने। कांग्रेस ने 70 साल तक राम जन्मभूमि के मुद्दे को लटका कर रखा लेकिन मोदी जी ने केस भी जीता, भूमि पूजन भी किया और 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भी की। उन्होंने 'इंडिया' गठबंधन की आलोचना करते हुए कहा, इस चुनाव में जो घमंडिया गठबंधन इकट्ठा हुआ है, उसमें 12 लाख करोड़ के घोटाले और भ्रष्टाचार करने वाले लोग इकट्ठा हुए हैं। मैं आपको बताना चाहता हूं कि मोदी जी चौधरी चरण सिंह जी के गौरव कार्यक्रम में आए, उसी दिन इन्होंने (इंडिया गठबंधन) भ्रष्टाचारी बचाओ रैली की और उस रैली में भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने की बात कही। मैं आज इस मंच से उप्र की जनता से कह रहा हूं कि 2014 में मोदी जी ने कहा था कि जिन्होंने भ्रष्टाचार किया है वे जेल में जाएंगे और हम 2024 में भी कह रहे हैं कि जिसने भ्रष्टाचार किया है वे जेल की सलाखों के पीछे चले जाएंगे।

## मैं पलटा नहीं हूं, पटखनी दी है : जयंत



**मुजफ्फरनगर (उप्र)/भाषा।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के प्रमुख जयंत चौधरी ने समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव के 'चवन्नी' वाले बयान पर पलटवार करते हुए बुधवार को कहा कि वह पलटे नहीं हैं बल्कि उन्होंने पटखनी दी है।

जयंत ने यहां भाजपा और रालोद की संयुक्त चुनावी रैली में सपा अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का नाम लिए बगैर उन पर निशाना साधते हुए कहा, कलबरसों की बात है, उत्तर प्रदेश के जो मुख्यमंत्री रहे हैं, उनका भी एक बयान मैंने देखा। अब तक मैं उनके लिए कुछ बोला नहीं हूं। वह भले ही गालीगलौज करना चाहें, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। लेकिन मैं एक बात बता देना चाहता हूं, मुजफ्फरनगर के लोगों से मेरी खास अपील है कि हम लोगों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। इन्हें (अखिलेश को) बता दें। ऐसा वोट दें कि वे जान जाएं कि मैं पलटा नहीं हूं। इसे पलटना नहीं कहते, इसे पटखनी मारना कहते हैं। उन्होंने कहा, मल्ल विद्या वह (अखिलेश) थोड़ीबहुत जानते हैं। थोड़ी-बहुत मैं भी जानता हूं। पिछले रविवार को दिल्ली में विपक्ष के 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' की महारैली में शामिल हुए अखिलेश ने मेरठ में जयंत चौधरी के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ मंच साझा करने से जुड़े एक सवाल के एक जवाब में उनपर (जयंत चौधरी) पर तंज किया था। उन्होंने कहा था, हो सकता है कि प्रधानमंत्री जी ने पूछा हो कि यह चवन्नी कौन है। जयंत ने रालोद कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव में 'बड़ा दिल' दिखाने का आह्वान करते हुए मुजफ्फरनगर से भाजपा प्रत्याशी संजीव बालियान को जिताने की अपील की।

# अब अपराधी जेल जाने से भी डर रहे हैं : योगी आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**आगरा/फतेहपुर सीकरी (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि 2017 से पहले राज्य के ज्यादातर इलाकों में सूरज डूबने के बाद थानों में भी ताले लग जाते थे लेकिन उसके बाद ज्यादातर अपराधी जमानत खत्म कराकर जेल चले गए तथा अब हाल यह है कि वे जेल जाने से भी डर रहे हैं।

योगी आदित्यनाथ ने फतेहपुर सीकरी में भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर के समर्थन में जनचौपाल को संबोधित करते हुए कहा, 2017 के पहले उत्तर प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में सूर्य अस्त होने के बाद थानों में भी ताले लग जाते थे। अपराधी सोचते थे कि पिछली सरकारों की तरह ही यह सरकार भी रहेगी, लेकिन सरकार ने उनसे कहा कि तुम अपराध बंद करो या कीमत चुकाने को तैयार रहो। ज्यादातर अपराधी जमानत तुड़वाकर जेल में चले गए। अब तो कह रहे हैं कि हमें जेल भी न भेजें। अब वे वहां भी जाने से डर रहे हैं। उन्होंने कहा, आप देख रहे होंगे, ज्यादातर अपराधी गले में तख्ती लगाकर घूम रहे हैं कि जिंदगी भर ठेला लगाकर पेट पाल लूंगा पर अब कुछ गलत काम नहीं करुंगा, बस एक बार जान बख्श दो। कानून का डर माफिया एवं अपराधियों पर न हो तो वे गरीबों, व्यापारियों एवं सामान्य नागरिकों का जीना मुहाल कर देंगे।

योगी आदित्यनाथ ने कहा, प्रदेश में हर दूसरे दिन दंगा होता था। कांग्रेस एवं सपा की दंगा-कर्फ्यू पॉलिसी को जिस प्रदेश ने झेला है, वहां अब दंगा-कर्फ्यू नहीं चलेगा। यह प्रदेश अब उपद्रव बर्दाश्त नहीं करेगा, बल्कि परंपरागत उत्सव के साथ जुड़ेगा।

उत्तर प्रदेश मोदी की गारंटी पर विश्वास करता है। उन्होंने विपक्ष के 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया)' पर निशाना साधते हुए कहा ''एक ओर भाजपा के नेतृत्व में राजग गठबंधन है तो दूसरी तरफ वे लोग हैं, जो दल को मिलाना चाहते हैं, लेकिन उनके दिल नहीं मिल पा रहे हैं। उन्होंने कहा, इंडी गठबंधन में जो लोग हैं उनकी स्थिति भी आप देख रहे होंगे।

# नरेन्द्र मोदी बिहार में राजग के लोकसभा चुनाव अभियान का नेतृत्व करेंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पटना/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बृहस्पतिवार को बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के लोकसभा चुनाव अभियान की शुरुआत जमुई में एक चुनावी रैली को संबोधित कर करेंगे जो चुनाव की घोषणा के बाद राज्य में उनकी पहली रैली होगी। केंद्र में लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए मशक्कत कर रहे मोदी वहां दोपहर में रैली को संबोधित करने वाले हैं।

भाजपा के सहयोगी चिराग पासवान ने प्रधानमंत्री की जमकर तारीफ करते हुए कहा, यह लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) और जमुई के लोगों के लिए गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री इस निर्वाचन क्षेत्र से बिहार में अपना प्रचार अभियान शुरू करने के लिए सहमत हुए हैं। हम उनके लिए बिहार की सभी 40 सीट समेत 400 से अधिक सीट जीतने के राजग के लक्ष्य को हासिल करने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

चिराग पासवान ने आरक्षित सीट जमुई का लगातार दो बार प्रतिनिधित्व करने के बाद अपने जीजा अरुण भारती को इस संसदीय सीट से उम्मीदवार बनाया है। हालांकि पूर्व उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा, चाहे प्रधानमंत्री हों या कोई अन्य नेता, चुनाव प्रचार अभियान में शामिल सभी राजग नेताओं से बिहार के लोग जानना चाहते हैं कि पांच साल पहले राजग को मिले भारी समर्थन के बदले में उन्हें क्या मिला है। यादव ने आरोप लगाया, पिछले लोकसभा चुनाव में बिहार की 40 में से 39 सीट राजग के खाते में गईं। लेकिन अब लोगों को लगता है कि उन्हें धोखा दिया गया है। हालांकि वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने पलटवार करते हुए कहा, कल जमुई में अपने भाषण में प्रधानमंत्री अपनी उपलब्धियों को गिनाएंगे और भविष्य के लिए अपना दृष्टिकोण पेश करेंगे। दूसरी ओर विपक्ष के पास बताने के लिए कुछ भी नहीं है। वे मोदी का अपमान करने में व्यस्त हैं।

जमुई बिहार की उन चार लोकसभा सीट (अन्य तीन औरंगाबाद, गया और नवादा) में से एक है जहां पहले चरण में मतदान होना है।

## नामांकन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने बुधवार को बालुरघाट लोकसभा क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल किया। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा के साथ मजूमदार ने मंगलपुर से दक्षिण दिनाजपुर जिले के बालुरघाट में जिलाधिकारी कार्यालय तक रोड शो का नेतृत्व किया। रोड शो में भाजपा समर्थक शामिल हुए। उत्तर पश्चिम बंगाल के बालुरघाट में 26 अप्रैल को दूसरे चरण में मतदान होगा।

## 'कारखाने छोटे चाय उत्पादकों से हरी पत्तियों की खरीद न रोकें'

**जलपाईगुड़ी (प.बंगाल)/भाषा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को बॉट लीफ फैक्ट्रीज (बीएलएफ) से छोटे चाय उत्पादकों से हरी पत्तियों की खरीद जारी रखने का आग्रह किया।



उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा मानदंडों के अनुपालन से संबंधित मुद्दे को लोकसभा चुनाव के बाद राज्य प्रशासन द्वारा सुलझाया जाएगा। उत्तर बंगाल के अपने दौरे के दौरान संवाददाताओं से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि छोटे चाय उत्पादक (एसटीजी) कारखानों को हरी पत्तियां बेचते थे, जिन्होंने अचानक उनसे खरीद बंद कर दी है क्योंकि उन्होंने उपभोक्ताओं के लिए सुरक्षित केवल एफएसएसएआई मानकों वाली चाय खरीदने का फैसला किया है। बनर्जी ने कहा, छोटे चाय उत्पादक अपनी पांच बीघे तक की जमीन पर हरी पत्तियों का उत्पादन करते हैं और कारखानों को बेचते हैं। इस काम में करीब 10 लाख लोग लगे हैं।

### केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने मतुआ समुदाय से कहा

## बिना किसी भय के सीएए के तहत नागरिकता के लिए आवेदन करें

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलकाता/भाषा।** केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने मतुआ समुदाय के सदस्यों से बुधवार को आग्रह किया कि वे नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के तहत नागरिकता के लिए आवेदन करें, भले ही उनके पास पहले से ही मतदान का अधिकार हो। मतुआ समुदाय के सदस्य 2014 से पहले भारत आ गए थे। ठाकुर पश्चिम बंगाल की बनगांव लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में हैं। अपने निर्वाचन क्षेत्र में एक बैठक को संबोधित करते हुए ठाकुर ने कहा कि वह खुद सीएए के तहत नागरिकता के लिए आवेदन करेंगे, हालांकि वह पहले से ही देश के निवासी हैं।

ठाकुर ने कहा, सीएए के तहत नई नागरिकता के लिए आवेदन करने से आप स्थायी निवास प्रमाण सहित सभी लाभ प्राप्त कर सकेंगे, जो पासपोर्ट और वीजा के लिए आवश्यक है। मेरा जन्म हालांकि यहीं हुआ था और मेरे दादाजी के पास आने के बाद निवास का प्रमाण था, फिर भी मैं आवेदन करूंगा। मतुआ समुदाय से आने वाले ठाकुर ने हाल में अधिनियम के तहत नागरिकता के लिए आवेदन करने के अपने इरादे की घोषणा की थी।

ठाकुर के इस कदम के जवाब में, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रवक्ता शांतनु सेन ने उनका उपहास उड़ाया और भाजपा पर मतुआ और उन अन्य प्रवासी हिंदुओं को गुमराह करने का आरोप लगाया, जो पहले से ही देश के नागरिक हैं। उन्होंने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हिंदू वोटों को ध्यान में रखते हुए आम चुनाव से ठीक पहले सीएए को अधिसूचित किया।

## कांग्रेस से भाजपा में शामिल होने को मुक्केबाज विजेंदर ने सोचा समझा फैसला बताया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज विजेंदर सिंह ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने को उचित ठहराते हुए बुधवार को कहा कि एक साझा मित्र के जरिए वह भगवा पार्टी से जुड़े और फिर बहुत 'सोच-समझकर' उन्होंने यह निर्णय लिया। सिंह 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस में शामिल हुए थे और उन्हें राहुल गांधी का करीबी माना जाता था। राहुल गांधी वर्ष 2011 में उनकी शादी में भी शामिल हुए थे।

यहां भाजपा मुख्यालय में आधिकारिक तौर पर पार्टी में शामिल होने के बाद इस मुक्केबाज ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ऐसा नहीं है कि मैंने अचानक से कोई फैसला लिया है। मैं पिछले कई दिनों से कुछ चीजों का निरीक्षण कर रहा था और मुझे लगा कि भाजपा में जाने का यह सही समय है। हरियाणा के 38 वर्षीय सिंह मुक्केबाजी में ओलंपिक पदक जीतने वाले पहले भारतीय हैं। साल 2008 के बीजिंग ओलंपिक में उन्होंने कांस्य पदक जीता था।

## संसदीय प्रणाली में मोदी के विकल्प का सवाल अप्रासंगिकः थरूर



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकल्प से जुड़ा सवाल ''अप्रासंगिक'' है क्योंकि संसदीय प्रणाली में लोग किसी व्यक्ति को नहीं, बल्कि एक पार्टी या दलों के गठबंधन को चुनते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का विकल्प विपक्ष के पास ऐसे अनुभवी, सक्षम और विविध नेताओं का समूह है जो लोगों की समस्याओं के प्रति उत्तरदायी होंगे और व्यक्तिगत अहंकार से प्रेरित नहीं होंगे। थरूर ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, एक बार फिर एक पत्रकार ने मुझसे एक ऐसे व्यक्ति को चिह्नित करने को कहा है जो मोदी जी का विकल्प हो सकता है। यह सवाल संसदीय प्रणाली में अप्रासंगिक है।

# कश्मीर में एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ेंगी पीडीपी और नेशनल कॉन्फ्रेंस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com





**श्रीनगर/भाषा।** विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' में शामिल दो पार्टियां पीडीपी और नेशनल कॉन्फ्रेंस कश्मीर घाटी की तीन लोकसभा सीट पर एक-दूसरे से मुकाबला करेंगी। महबूबा मुफ्ती के नेतृत्व वाली पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला पर कोई विकल्प नहीं छोड़ने का आरोप लगाया। वहीं, अब्दुल्ला ने पलटवार करते हुए कहा कि पीडीपी 2020 में जिला विकास परिषद (डीडीसी) चुनाव के लिए 'पीपुल्स अलायंस फॉर गुपकर डिक्लेरेशन' (पीएजीडी) के घटकों के बीच बनी सहमति से पीछे हट रही है।

मुफ्ती ने यहां पत्रकारों से कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस ने उनकी पार्टी के पास कश्मीर की तीन लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं छोड़ा है। मुफ्ती ने कहा, उन्होंने (नेशनल कॉन्फ्रेंस ने) हमारे लिए उम्मीदवार खड़ा करने और चुनाव लड़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं छोड़ा है। उन्होंने कहा कि पार्टी का संसदीय बोर्ड उम्मीदवारों पर अंतिम फैसला करेगा। जम्मू-कश्मीर में सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस के साथ बातचीत करते समय, नेशनल कॉन्फ्रेंस ने स्पष्ट कर दिया था कि वह घाटी की तीन सीट पर चुनाव लड़ेगी क्योंकि पार्टी ने 2019 के लोकसभा चुनावों में इन पर जीत हासिल की थी। 'इंडिया' गठबंधन के सीट-बंटवारे के समझौते के तहत नेशनल कॉन्फ्रेंस ने जम्मू में कांग्रेस के लिए दो सीटें छोड़ दी थीं। अब्दुल्ला ने पलटवार करते हुए कहा कि उन्होंने उनकी (महबूबा की) पार्टी के बारे में कोई टिप्पणी नहीं की है और इसलिए, मुझे इस पर कुछ नहीं कहना है। उन्होंने कहा कि पीडीपी डीडीसी चुनावों के लिए बनी सहमति से पीछे हट रही है, जब यह तय हुआ था कि सीट जीतने वाली पार्टियां अपने उम्मीदवार उतारेंगी। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, मैं इस बारे में क्या कह सकता हूं? यह उनकी अपनी इच्छा है। मैं उन्हें कैसे रोक सकता हूं? हमने कश्मीर की तीन सीट के लिए अपने फॉर्मूले के आधार पर उम्मीदवारों की घोषणा की। अब्दुल्ला ने कहा कि जब डीडीसी चुनाव हुए थे, तो नेशनल कॉन्फ्रेंस ने पीडीपी से कहा था कि सीटों का बंटवारा 2019 संसदीय चुनावों के परिणामों के आधार पर किया जाना चाहिए, लेकिन पीडीपी ने इसे स्वीकार नहीं किया। अब्दुल्ला ने कहा, उन्होंने हमसे कहा कि उम्मीदवारों का फैसला 2014 के विधानसभा चुनावों के आधार पर किया जाएगा। निर्णय लिया गया कि जिसने जिस विधानसभा सीट पर जीत हासिल की थी, वह वहां से चुनाव लड़ेगा।

## जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल कराने के मकसद से लोकसभा चुनाव लड़ रहा हूं : आजाद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**श्रीनगर/भाषा।** डीपीएपी के संस्थापक गुलाम नबी आजाद ने बुधवार को कहा कि उन्होंने जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल कराने के लिए जारी लड़ाई को आगे ले जाने और इसके निवासियों के भूमि व रोजगार अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया है। डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) ने मंगलवार को घोषणा की कि जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री आजाद अनंतनाग-राजौरी संसदीय सीट से चुनाव लड़ेंगे। आजाद ने पांच दशक तक कांग्रेस में रहने के बाद 2022 में पार्टी छोड़ दी थी और डीपीएपी का गठन किया था।

आजाद ने यहां पत्रकारों से कहा, ऐसी अटकलें हैं कि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल कर दिया जाएगा, लेकिन दिल्ली और पुडुचेरी की तर्ज पर, जहां उपराज्यपाल मुख्यमंत्री और उनकी सरकार के हर फैसले को मंजूरी देते हैं। उन्होंने कहा, गुलाम नबी आजाद को यह मंजूर नहीं है। शायद जम्मू-कश्मीर के किसी हिंदू, मुस्लिम, सिख, गुज्जर या पहाड़ी को यह मंजूर नहीं होगा। आजाद ने कहा कि उनके पास लोकसभा चुनाव लड़ने के कई कारण हैं, लेकिन जम्मू-कश्मीर के लोगों की नौकरियों व जमीन की सुरक्षा करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## सुविचार

**ज़िन्दगी एक हसीन ख़्वाब है, जिसमें जीने की चाहत होनी चाहिए, ग़म खुद ही ख़ुशी में बदल जायेंगे, सिर्फ मुस्कुराने की आदत होनी चाहिए।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# बढ़ता रहे सुधारों का सिलसिला

एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल के वरिष्ठ नेता का यह कहना कि 'वे 400 लोगों से नामांकन दाखिल कराने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि चुनाव मतपत्र से हों', पर यही कहा जा सकता है कि वे अब भी ईवीएम को लेकर गंभीर पूर्वाग्रहों में उलझे हुए हैं। वरिष्ठ नेताओं को ऐसे बयान देने के बजाय तर्क सहित अपनी बात रखनी चाहिए। इन बयानों से मतदाताओं में यह संदेश जाता है कि नेताजी चुनाव नतीजे आने से पहले ही भूमिका बांध रहे हैं। अगर मैदान फतह कर लिया तो वे इसे अपना करिश्मा बताएंगे, राष्ट्रीय नेतृत्व को दिखाएंगे कि यह है हमारा जलवा! अगर बाज़ी हाथ से निकल गई तो यह कहते हुए पूरा 'कसूर' ईवीएम पर डाल देंगे कि हम तो पहले ही जानते थे कि ज़रूर कोई गड़बड़ होगी, मतपत्र से वोट डाले जाते तो हम दिखा देते कि चुनाव क्या होता है और कैसे लड़ा जाता है! सवाल है- मतपत्र से चुनाव करवाने पर इतना जोर क्यों? क्या वे ईवीएम से ज्यादा मतपत्र को विश्वसनीय मानते हैं अथवा यह कहना चाहते हैं कि मतपत्र से चुनाव कराने से किसी तरह की समस्या पैदा नहीं होगी? देश में चुनाव-सुधारों का लंबा इतिहास रहा है। हम कई कठिनाइयों को पार करते हुए 'ईवीएम युग' तक पहुंचे हैं। ये सुधार जारी रहेंगे। आने वाले वर्षों/दशकों में जो भी नई तकनीक आएगी, उसे जरूरत के मुताबिक अपनाया जाएगा। यह कहना कि इन सबको छोड़कर दोबारा 'मतपत्रों' वाले दौर में लौटा जाए, तो यह स्वस्थ लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है।

प्राय: कुछ नेतागण यह सिद्ध करने की कोशिश करते हैं कि जब मतपत्रों से वोट डाले जाते थे, मीडिया का इतना प्रसार नहीं था, तकनीक का कम इस्तेमाल होता था, लोग किसी उम्मीदवार / पार्टी को इसलिए वोट देते थे, क्योंकि उनके बड़े-बुजुर्गों ने भी उसे ही वोट दिया था, तब 'सबकुछ' ठीक था। जब से मतपत्रों और मतपेटियों की जगह ईवीएम ने ले ली, मीडिया चौबीसों घंटे समाचार प्रकाशित-प्रसारित करने लगा, हर हाथ में मोबाइल फोन आ गया, लोग क्षेत्रीय व राष्ट्रीय मुद्दों पर बहस करने लगे, वे वोट देने में किसी परंपरा के बजाय स्वेच्छा व स्वतंत्रता को वरीयता देने लगे, तब से चीज़ें गड़बड़ हो गई हैं! नेता भले ही विभिन्न मंचों से ऐसी बातें दोहराते रहें, लेकिन हकीकत तो यह है कि भारत के चुनाव आयोग और चुनाव प्रक्रिया पर आम जनता का भरोसा ज्यादा मजबूत हुआ है। आज लोग इस बात को लेकर बिल्कुल तैयार नहीं होंगे कि मतपत्रों वाला वही पुराना दौर फिर लौट आए, जब ठप्पा जरा-सा भी इधर-उधर लगने से उनका वोट खारिज हो जाता था। न केवल वोट खारिज हो जाता था, बल्कि उस पर दावा करने की कोशिश में मतगणना केंद्रों पर जमकर झगड़े होते थे। हर चुनाव में खारिज होने वाले ऐसे मतपत्रों की तादाद काफी ज्यादा होती थी। जिन सीटों पर मामूली अंतर से हार-जीत का फैसला होता, वहां झगड़े ज्यादा होते थे। ऐसे मामले अदालतों में चले जाते थे। ईवीएम ने इन सभी समस्याओं को दूर कर दिया। मतदाताओं के लिए इसे इस्तेमाल करना भी आसान है। इस पर निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए जो भी वोट डाले जाएंगे, वे वैध होंगे। मतपत्रों से मतगणना में बहुत समय लगता था। मतदान प्रक्रिया के बाद जब कर्मचारी (निर्धारित दिन) मतगणना के लिए बैठते तो उन्हें मतपत्रों की छंटनी करनी होती थी। एक भी मतपत्र इधर-उधर हुआ तो हंगामा मच जाता था। ईवीएम से मतगणना बहुत तेजी से होती है। दोपहर तक तो तस्वीर लगभग साफ हो जाती है। नेताओं को स्वतंत्रता है कि वे मतपत्रों के दौर में लौट जाने का ख्वाब देखते रहें, लेकिन जनता चाहती है कि नई तकनीकों को अपनाते हुए चुनाव सुधारों का सिलसिला लगातार आगे बढ़ता रहे।

## ट्वीटर टॉक



प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में आज गांवों की तस्वीर बदल गई है। ऐसे 18,000 गांव थे, जहां पहले की सरकारों के दौरान बिजली नहीं थी। 2014 में देश का प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी जी ने मात्र 1,000 दिन में 18,000 गांवों को बिजली पहुंचाई।

**-जेपी नडडा**



आज खनिज शक्ति की भूमि बाड़मेर में कांग्रेस प्रत्याशी श्री उम्मेदाराम बेनीवाल के समर्थन में जन संबोधन किया। प्रदेश अध्यक्ष श्री गोविंद सिंह डोटासरा के साथ लोगों से इलाके की तरक्की के लिए कांग्रेस को मतदान करने की अपील की।

**-अशोक गहलोत**



जे पी नड्डा का मेरी कर्मभूमि, मेरे परिवार के बीच झालावाड़ में स्वागत किया। यह हमारे क्षेत्र का सौभाग्य है कि आप यहाँ पधारे एवं लोकसभा प्रत्याशी श्री दुष्यंत सिंह के समर्थन में विशाल जन सभा में मुख्य अतिथि के रूप में जनता एवं कार्यकर्ताओं को जीत का संकल्प दिलवाया।

**-वसुंधरा राजे**

## प्रेरक प्रसंग

# मानव की नीयत

एक बार अपनी पदयात्रा के दौरान गौतम बुद्ध एक जंगल में कुछ देर ठहरे। उनके कुछ शिष्य साथ थे। वे भी हरी घास पर लेट गये। शीतल हवा चल रही थी और मीठी झपकी अनंत सुख प्रदान कर रही थी। अचानक कुछ खचर-खचर की आवाज सुनाई दी। एक युवक जमीन पर गिरे पत्ते तथा टहनी जमा कर रहा था। पर्याप्त होने के बाद उसने यह काम बंद किया और गौतम बुद्ध के नजदीक जाकर उनको प्रणाम किया। गौतम बुद्ध ने पूछा कि तुमने बस इन दो ही पेड़ों की कुछ पत्ती और टहनी जमा की। तो वह बोला, 'तथागत यह पेड़ अनोखे हैं इसकी पत्ती को चबा लो तो न भूख लगती है न प्यास। मेरे आज के लिए तो इतनी ही काफी हैं।' प्रणाम कर वह जंगल से गांव की तरफ चला गया। उसके चले जाने के बाद उत्सुक शिष्य पूछने लगे, 'तथागत उस साधारण युवक से आप कितनी घनिष्ठता के साथ वार्तालाप कर रहे थे। आखिर क्यों?' बुद्ध ने कहा कि तुमने देखा वह अहिंसक है और संतोषी भी। उसने बस वही पत्ती तथा टहनी उठाई जो पेड़ ने त्याग दी। उनके अलावा एक बार भी वृक्ष को हाथ नहीं लगाया। उसकी यही साधना मेरे मन को छू गयी।

## सामयिक

# गर्मी का सितम शुरू : हीट वेव की चेतावनी

**बाल मुकुन्द ओझा**
**मोबाइल : 8949519406**

अप्रैल की शुरुआत से ही देश के ज्यादातर इलाकों में गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए है। बढ़ते तापमान के चलते गर्म हवाएं भी चलने लगी है जिससे लू जैसे हालात पैदा हो गए हैं। मौसम विभाग से पूर्वानुमान के मुताबिक इस बार गर्मी कुछ ज्यादा ही पड़ेगी। इसके साथ ही मौसम विभाग ने कुछ राज्यों के लिए हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। वैज्ञानिकों के मुताबिक मैदानी क्षेत्र में जब भी तापमान 40 डिग्री या उससे अधिक हो जाता है तब लू या हीट वेव का असर दिखने लगता है। मौसम विभाग के मुताबिक जब कभी मैदानी इलाकों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक और पहाड़ी क्षेत्रों का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है तो हीट वेव या लू चलने लगती है और यह स्वास्थ्य पर बुरा असर डालती है। वहीं अत्यधिक गर्म मौसम की अवधि को हीट वेव कहते हैं जो आमतौर पर तीन या अधिक दिनों तक रहता है।

मौसम विज्ञान विभाग की तरफ से 2024 के लिए हीट वेव की चेतावनी जारी कर दी गई है। आमतौर पर हीट वेव का ये दौर अप्रैल खत्म होने के साथ शुरू होकर मई के महीने में अपनी तेजी पर होता है। लेकिन इस बार मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि गर्मी सभी रिकॉर्ड तोड़ने वाली है। आईएमडी की चेतावनी है कि इस बार अप्रैल का तापमान 40 डिग्री के पार जा सकता है। हीट वेव की एडवाइजरी में हाइड्रेशन पर खास ध्यान देने



के लिए कहा गया है। यह चुनावी मौसम है। लोग चुनाव प्रचार में अपने घर से निकलते है, इसलिए अगर कहीं जा रहे हैं तो हमेशा अपने साथ पानी रखें, ताकि डिहाइड्रेशन की समस्या ना हो

यह जलवायु बदलाव का नतीजा है की मार्च समाप्त होते होते और अप्रैल का महीना शुरू होते ही गर्मी सिर चढ़कर बोलने लगी है। उत्तर भारत में पंखों के साथ कूलर और एयर कंडीशन चलने लगे है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक अप्रैल का महीना पूर्व के मकाबले सबसे गर्म महीना रहेगा। मौसम विभाग के सुझावों में गर्मी से सम्बंधित चेतावनियां भी शामिल है। वैसी ही जैसी भारी बारिश और चक्रवातों के सम्बन्ध में दी जाती हैं। तापमान में काफी वृद्धि होने से मच्छरों का भी प्रकोप बढ गया है जिससे मलेरिया, वायरल, फीवर, खांसी, जुकाम, फ्लू, डायरिया ने पैर पसार लिए है। तापमान में भी घटत बढ़त होने लगा है। ऐसे में बहुत से लोग मौसम में परिवर्तन को झेल नहीं पाते और तबीयत बिगड़ जाती है। मौसम परिवर्तन और बीमारियों का चोली दामन का साथ है। विशेषकर जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है वे मौसमी बीमारियों का शिकार हो जाते है। राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, यूपी,एमपी आदि प्रदेशों से मिली खबरों के मुताबिक मौसम परिवर्तन के साथ ही मौसमी बीमारियां और वायरल बुखार ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया जिसके चलते चिकित्सालय में मरीजों की संख्या में भारी इजाफा हुआ है। इस ऋतु में मौसम उच्च तापमान के कारण अधिक गर्म हो जाता है, जो कुछ क्षेत्रों में बिजली की आँख मिचोली के साथ पानी की आपूर्ति में कमी की वजह से सूखे का कारण बनता है। गर्म हवाएं और तापमान में वृद्धि, दोनों ही इस ऋतु को बहुत अधिक गर्म बनाती है, जो मनुष्य और जंगली जानवरों दोनों के लिए बहुत अधिक परेशानी का निर्माण करता है। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोग पानी की कमी, उच्च तापमान, सूखे आदि बहुत सी परेशानियों से बिजली और अन्य आरामदायक संसाधनों की कमी के कारण जूझते हैं। मौसम विभाग का कहना है लोगअभी से खास सावधानियां बरते। बीमारियों से बचाव करें । गर्मियां भी मौसमी बीमारियों के साथ आती हैं। गर्मी में होने वाली गर्मी से थकावट, लू लगना, पानी की कमी, फूड पॉयजनिंग आम बीमारियां हैं। इस मौसम में हमें अपना ख्याल रखने की अधिक जरुरत होती है। अगर इस मौसम में आप जरा से भी चुके तो आपको कई बीमारियां घेर सकती है। यह एक ऐसा मौसम है जिसमें बीमारियां होने की आशंका अधिक होती है। मौसम का यह बदलाव मानव के स्वास्थ्य के लिए घातक सिद्ध हो रहा है। इससे बचने का एक मात्र उपाय सतर्कता और जागरूकता ही है। यह बीमारियां आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को प्रभावित कर कई बार आपके आंतरिक अंगों को भी प्रभावित करती हैं। इनसे बचने के लिए सावधानी रखना बेहद आवश्यक है।

डॉक्टरों का कहना है कि गर्मी से बचाव ही इस मौसम में बीमारियों से बचने का रास्ता है। इसके लिए पेय-पदार्थों का खूब सेवन करें। डॉक्टरों की सलाह है कि दिन में जब भी घर से निकले कुछ खा कर और पानी पी कर ही निकले खाली पेट बाहर ना जाएं। तेज धूप में, खासतौर से दोपहर में बेकाम घर से बाहर जाने से बचें। गर्भवती महिलाओं, हार्ट पेशेंट, 65 साल की उम्र से ज्यादा के लोग, छोटे बच्चे और नवजात को हीटवेव से बचाना चाहिए हगर्मियों में हरे पत्ते वाली सब्जियां, विटामिन सी से युक्त रसीले फल और नींबू पानी लेना चाहिए। बेल का शरबत गर्मी के लिए बहुत बढ़िया माना जाता है। गर्मी के मौसम में जीरा-नमक डालकर छाछ पीना भी फायदेमंद होता है।

## मुद्दा

# ड्रग से बृहद रूप से शारीरिक, आर्थिक क्षति

**संजीव ठाकुर**
**मोबाइल : 90094 15415**

नशीले पदार्थ अपराधिक गतिविधियों के लिए शासन, प्रशासन तथा पुलिस के लिए एक गंभीर चुनौती बन हुआ है।देश में लगातार हो रही ड्रग्स की सप्लाई ने देशभर में अपराधों का इजाफा कर दिया है। नशीले पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय, अंतर राज्यीय तस्करी देश तथा विश्व के लिए एक बड़ा सिरदर्द बनी हुई है। यह चुनौती इसलिए भी है कि पिछले वर्ष में अपराधियों ने सूखे नशे का सेवन कर अपराध की वारदातें की हैं, नशे की लत में आकर अपराधियों में महानगरों मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, दिल्ली, बेंगलूरु, चेन्नई में लगातार बलात्कार, लूट, डकैती,और राहगीरों की हत्या को जन्म दिया है। दूसरी तरफ सूखे नशे की लत में स्कूल और कॉलेज के युवा तथा बच्चे अपना भविष्य खराब करने पर आमादा है। पिछले कुछ माह में मुंबई नारकोटिक्स इकाई ने ताबड़तोड़ छापेमारी कर बड़ी मात्रा में चरस, कोकीन, गांजा, स्मैक की बड़ी तादाद में जप्त कर कई नामचीन अभिनेता, अभिनेत्रियों को गिरफ्तार कर प्रकरण न्यायालय के हवाले किया है। दूसरी तरफ दिल्ली, बेंगलूरु, कोलकाता में भी पुलिस प्रशासन द्वारा सीधे कड़ी कार्रवाई की हैं।वर्तमान में

शराब तो सामाजिक बुराई बना ही हुआ है। साथ-साथ सूखा नशा भी समाज के लिए गंभीर चुनौती बना हुआ है, सुखे नशे के मामले में केंद्र के सर्वोच्च नेतृत्व में यानी प्रधानमंत्री ने भी गंभीरता पूर्वक इसे रोकने के लिए चिंता जताई है देश में न सिर्फ ड्रग्स के नशे का इस्तेमाल किया जा रहा है बल्कि बड़े पैमाने पर इसकी तस्करी कर अवैध कारोबार भी किया जा रहा है ड्रग्स का नशा सामाजिक विडंबना बना हुआ है। तब देश में नए वर्ष के आगमन के पूर्व बड़े-बड़े आलीशान होटलों मैं सूखे नशे की पार्टियां आयोजित करने की तैयारी कर ली है, ऐसे में पुलिस के केंद्र सरकार के तथा राज्य सरकार के आला अधिकारी इसे रोकने के लिए हर संभव प्रयास की रणनीति बनाने में जुट गए है और शासन तथा पुलिस प्रशासन अपना पूरा ध्यान सूखे नसे को प्रतिबंधित करने में लगे हुए हैं, मूलतः मुंबई गोवा और पाकिस्तानी सरहद से लगे क्षेत्र और राज्य से सूखे नशे पदार्थों की आवक सभी राज्यों में होती है। निसंदेह इसे गंभीर षड्यंत्र के रूप में लिया जाना चाहिए। मुंबई सूखे नशे का एक बड़ा केंद्र बन चुका है, सुशांत सिंह राजपूत के आत्महत्या प्रकरण को लेकर जब पुलिस के आला अधिकारी को नशीले पदार्थों रेकेट हाथ लगा तब राज्य तथा केंद्र के कान खड़े हो गए और तब से पूरे देश में ताबड़तोड़ नशे के विरोध में कार्रवाई की जाने लगी और इसी तारतम्य में देश को यह बात समझ में आई कि सूखे नशे की लत में बड़े शहरों के तमाम पूंजीपति नशे के आदी हो चुके परिस्थितियां बहुत गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण है, नए वर्ष के आगमन की सेलिब्रेशन तमाम नशीले पदार्थ की सप्लाई करने वाले तस्कर अपनी तैयारी में जुट गए हैं। देश के सभी राज्यों में नशीले पदार्थों के विरोध में केंद्र के निर्देशन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है और युवा वर्ग बच्चों को सोशल मीडिया के द्वारा भी इसकी बुराई के संबंध में लगातार अवगत कराया जा रहा है एवं इस बुराई से दूर रहने का आह्वान किया गया है, देश के बड़े-बड़े रिसोर्ट, जंगल के पिकनिक स्पॉट, देश की मुख्य सड़कों के आसपास ढाबों के संचालकों पर भी नजर रखने की योजना को मूर्त रूप दिया जाना है ताकि अपराधों में कमी आ सके, शराब से तो अपराध होते ही हैं पर सूखे नशे से अपराधिक ज्यादा उग्र हिंसक और मस्तिष्क शुन्य हो जाते ऐसे में अपराध करने में उन्हें कोई हिचक नहीं होती, और इस तरह वे नशे में अपराधिक कृत्य करने से नहीं चूकते। केंद्र तथा राज्य प्रशासन की चिंता इस बात के लिए तो है ही कि इससे अपराध की संख्या में काफी वृद्धि हुई है पर साथ में इसके तस्करों द्वारा की जा रही ड्रग्स की तस्करी पर एक गंभीर चुनौती बनी हुई है।अंतरराष्ट्रीय सीमा से आने वाला ड्रग्स शारीरिक रूप से भी काफी नुकसानदेह होता है अंतरराष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने का एक राष्ट्रीय स्तर पर योजना बनाकर उसे रोकने का प्रयास किया जा रहा है, जितने व्यक्ति नशा करके अपराध करने के लिए दोषी हैं। उससे ज्यादा दोषी नशीले पदार्थों के तस्करी करने वाले भी है, तस्कर समूह को चिन्हित कर उस पर बड़ी कार्रवाई करने की देश को गंभीर आवश्यकता है, देश में शराब जहां ग्रामीण क्षेत्रों में एक बड़ी बुराई है उससे ग्रामीण आमजन को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ शारीरिक नुकसान भी बहुत बड़ा होता है, इसी के साथ शहरी क्षेत्रों में खासकर बड़े शहरों में सुखा नशा एक बडी सामाजिक बीमारी की तरह अत्यंत गंभीर चुनौती बन गई है, इसे रोकने के हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए तभी इस सामाजिक गंभीर समस्या पर कुछ राहत और निदान मिल सकता है।

## नजरिया

# कांटे की टक्कर में फंसी झुंझुनू लोकसभा सीट

**रमेश सर्राफ धमोरा**
**मोबाइल 9414255034**

राजस्थान में हरियाणा बॉर्डर के पास स्थित झुंझुनू लोकसभा सीट जाटलैंड की हार्डकोर सीट मानी जाती है। इस सीट पर जाट मतदाताओं की बहुलता के चलते यहां 1996 से लगातार जाट प्रत्याशी ही चुनाव जीत रहा है। करीब 20 लाख 83 हजार मतदाताओं वाले इस क्षेत्र में झुंझुनू, मंडावा, फतेहपुर, नवलगढ, उदयपुरवाटी, पिलानी, सूरजगढ़ व खेतड़ी सहित कुल आठ विधानसभा क्षेत्र शामिल है। अब तक 17 बार हो चुके लोकसभा चुनाव में यहां से नो बार कांग्रेस, दो बार भाजपा, दो बार जनता पार्टी, एक बार स्वतंत्र पार्टी, एक बार जनता दल, एक बार आल इंडिया इंदिरा कांग्रेस (तिवारी) व एक बार आल इंडिया इंदिरा कांग्रेस (सेक्यूलर) का प्रत्याशी विजय रहा है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री शीशराम ओला यहां से लगातार पांच बार सांसद रहकर सबसे अधिक बार चुनाव जीतने का रिकॉर्ड बना चुके हैं। वही 1971 में कांग्रेस के शिवनाथ सिंह गिल ने उस समय देश के सबसे बड़े उद्योगपति परिवार के कृष्ण कुमार बिरला को हराकर एक नया इतिहास बनाया था। उस समय के चुनाव में यहां अमीर बनाम गरीब का नारा पूरे देश में चर्चित रहा था।

वर्ष 1952, 1957, 1962 में यहां से कांग्रेस के नेता व उद्योगपति राधेश्याम मुरारका जीते थे। 1967 में स्वतंत्र पार्टी के उद्योगपति राधा कृष्ण बिरला, 1971 में कांग्रेस के शिवनाथ सिंह गिल, 1977 में जनता पार्टी के कन्हैयालाल महला, 1980 में जनता पार्टी के ठाकुर भीम सिंह मंडावा, 1984 में कांग्रेस के कप्तान अयूब खान, 1989 में जनता दल के जगदीप धनखड़ (वर्तमान उपराष्ट्रपति), 1991 में कांग्रेस के कप्तान अयूब खान, 1996 में आल इंडिया इंदिरा कांग्रेस (तिवारी) के शीशराम ओला 1998 में आल इंडिया इंदिरा कांग्रेस (सेक्यूलर) के शीशराम ओला, 1999, 2004 व 2009 में कांग्रेस के शीशराम ओला, 2014 में भाजपा की संतोष अहलावत,



2019 में भाजपा के नरेंद्र कुमार खीचड़ विजय रहे हैं।

वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने पांच बार सांसद व केंद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे शीशराम ओला के बेटे बृजेंद्र ओला को प्रत्याशी बनाया है। बृजेंद्र ओला झुंझुनू से लगातार चौथी बार विधायक है तथा राजस्थान सरकार में मंत्री व झुंझुनूं के जिला प्रमुख रह चुके हैं। 2014 में कांग्रेस ने उनकी पत्नी राजबाला ओला को प्रत्याशी बनाया था। मगर वह भाजपा की संतोष अहलावत से चुनाव हार गई थी। भाजपा ने यहां से पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी को प्रत्याशी बनाया है। 2019 में भाजपा टिकट पर 3 लाख से अधिक वोटो से जीतने वाले नरेंद्र कुमार खीचड़ का पार्टी ने टिकट काट दिया है। नरेंद्र कुमार खीचड़ 2023 के विधानसभा चुनाव में मंडावा सीट पर हार गए थे।

झुंझुनू में भाजपा पिछले दो चुनाव से लगातार नए प्रत्याशियों को मैदान में उतार कर दोनों ही बार चुनाव जीता है। इस बार भी भाजपा ने अपना पुराना दांव आजमाते हुए सिटिंग सांसद का टिकट काटकर उदयपुरवाटी से एक बार विधायक रहे शुभकरण चौधरी को प्रत्याशी बनाया है। हालांकि पिछले विधानसभा चुनाव में भी शुभकरण चौधरी उदयपुरवाटी विधानसभा सीट पर कांग्रेस के भगवान राम सैनी से 417 वोटो से चुनाव हार गए थे। यहां से बसपा के एडवोकेट बंशीधर नरनोलिया सहित कुल 8 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। मगर मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा में होने की संभावना जताई जा रही है।

कांग्रेस व भाजपा दोनों ही दलों के प्रत्याशी अपने चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं। 2023 के विधानसभा चुनाव में झुंझुनू लोकसभा के आठ में से 6 सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशी चुनाव जीते थे। वहीं खेतड़ी व नवलगढ़ में भाजपा के प्रत्याशी चुनाव जीते थे। पिछले विधानसभा चुनाव का ट्रेंड देखे तो इस सीट पर कांग्रेस का पलड़ा भारी नजर आ रहा है। मगर कांग्रेस के नेताओं में आपसी गुटबाजी चरम पर है। यहां से कांग्रेस प्रत्याशी बृजेंद्र ओला प्रदेश की राजनीति में जहां सचिन पायलट गुट के माने जाते हैं। वहीं अन्य विधायक पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत गुट में शामिल है। जब तक जिले के सभी नेता एकजुट होकर चुनाव प्रचार में नहीं उतरेंगे तब तक कांग्रेस प्रत्याशी की स्थिति सुदृढ़ नहीं हो पाएगी। हालांकि कांग्रेस प्रत्याशी बृजेंद्र ओला के नामांकन के दौरान कांग्रेस के सभी विधायको व विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रहे नेता उनके साथ नजर आए थे। मगर अंदरूनी तौर पर जब तक सभी मन लगाकर प्रचार नहीं करेंगे तब तक कांग्रेस के पक्ष में रिजल्ट आना मुश्किल ही नजर आ रहा है।

झुंझुनू सीट से कैप्टन अयूब खान 1984 व 1991 में कांग्रेस टिकट पर जीतने वाले राजस्थान के पहले व एकमात्र मुस्लिम सांसद रहे हैं। झुंझुनू से सांसद रहे कप्तान अयूब खान पीवी नरसिम्हा राव की सरकार में कृषि राज्य मंत्री, जगदीप धनखड़ वीपी सिंह की सरकार में संसदीय कार्य उपमंत्री, शीशराम ओला एचडी देवेगौड़ा की सरकार में उर्वरक राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), इंद्रकुमार गुजराल की सरकार में जल संसाधन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), मनमोहन सिंह की यूपीए वन सरकार में खान मंत्री व मनमोहन सिंह की यूपीए टू सरकार में श्रम मंत्री तथा लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के उपनेता भी रहे थे। यहां से शीशराम ओला 5 बार ,राधेश्याम मुरारका तीन बार व कैप्टन अयूब खान दो बार सांसद रहे। बाकी अन्य सभी एक-एक बार ही सांसद रह पाए हैं।

झुंझुनू जिला शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी है। सेना में देश में किसी एक जिले से सर्वाधिक सैनिक भी झुंझुनू जिले के ही है। यहां के करीबन 25 हजार वर्तमान व 40 हजार पूर्व सैनिक है। झुंझुनू संसदीय क्षेत्र के खेतड़ी में स्थित हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड कभी एशिया का सबसे बड़ा ताम्र संयत्र होता था। मगर प्रशासनिक अव्यवस्था के चलते अब वह बंद होने के कगार पर पहुंच गया है।

झुंझुनू जिले में कोई बारह महिने बहने वाली नदी नहीं होने के चलते यहां का जलस्तर बहुत नीचे चला गया है। इस कारण यहां पानी की समस्या होने लगी है। हालांकि राज्य सरकार ने हाल ही में हथिनी कुंड बैराज (ताजे वाला हैड) से पाइप लाइन के द्वारा झुंझुनू जिले में पानी लाने लाने के लिए हरियाणा से एक बार फिर नया समझौता किया है। जिसके लागू होने पर जिले को पेयजल व सिंचाई के लिए पानी मिल सकेगा। मगर जब तक यमुना नहर का पानी झुंझुनू जिले में नहीं आता है तब तक यहां हर दिन पानी की समस्या विकट होती जा रही है। झुंझुनू जिले में रोजगार का कोई बड़ा केंद्र भी नहीं है। हिंदुस्तान कॉपर कारखाना बंद होने के बाद यहां रोजगार का अन्य कोई साधन नहीं रहा है। जिले के गोठड़ा गांव में श्री सीमेंट कम्पनी का कारखाना शुरू हो चुका है। जो देश का सबसे बड़ा सीमेंट कारखाना है। मगर उसमें अभी तक स्थानीय लोगों को नौकरी नहीं दी जा रही है। ऐसे में नवयुवकों के सामने रोजगार का बड़ा संकट व्याप्त हो रहा है।

महत्त्वपूर्ण
Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

अभिवादन



तिरुवनंतपुरम में सांसद यूडीएफ उम्मीदवार शशि थरूर बुधवार को तिरुवनंतपुरम में आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले लोगों का अभिवादन करते हुए।

# न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश

**प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि वह अपनी संस्था की स्वतंत्रता को बरकरार रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सीजेपी ईसा ने कहा, न्यायाधीशों को यह लगना चाहिए कि वे खतरे में नहीं हैं। उन्होंने कहा, यदि न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर किसी भी प्रकार का हमला होता है, तो मैं न्यायपालिका का बचाव करने में अग्रिम पंक्ति में रहूंगा और निश्चित रूप से, मेरे साथी न्यायाधीश इसमें मेरे साथ खड़े होंगे।**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

इस्लामाबाद/भाषा। पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश काजी फैज ईसा ने बुधवार को न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर किसी भी हमले को विफल करने का संकल्प व्यक्त करते हुए संकेत दिया कि शक्तिशाली खुफिया एजेंसियों द्वारा न्यायिक मामलों में कथित हस्तक्षेप के मामले की सुनवाई अदालत की एक पूर्ण पीठ करेगी।

यह कदम पाकिस्तान के पूर्व प्रधान न्यायाधीश तसद्दुक हुसैन जिलानी द्वारा खुफिया एजेंसियों के कथित हस्तक्षेप के इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) के छह न्यायाधीशों के दावों की जांच के लिए सरकार द्वारा गठित एक सदस्यीय जांच आयोग का नेतृत्व करने से खुद को अलग करने के बाद आया।

पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश (सीजेपी) ईसा की अध्यक्षता वाली शीर्ष अदालत की सात सदस्यीय पीठ छह न्यायाधीशों द्वारा लिखे गए पत्र पर स्वत: संज्ञान लेते हुए जारी नोटिस पर सुनवाई कर रही है।

सुनवाई के दौरान, अटॉर्नी जनरल मंसूर अवान ने कहा कि सरकार ने पूरी ईमानदारी से मामले की जांच के लिए एक आयोग का गठन किया था। उन्होंने कहा कि इस पर सोशल मीडिया में और वकीलों द्वारा निशाना साधा गया, जो चाहते थे कि अदालत इस मामले की सुनवाई करे।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि वह अपनी संस्था की स्वतंत्रता को बरकरार रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सीजेपी ईसा ने कहा, न्यायाधीशों को यह लगना चाहिए कि वे खतरे में नहीं हैं। उन्होंने कहा, यदि न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर किसी भी प्रकार का हमला होता है, तो मैं न्यायपालिका का बचाव करने में अग्रिम पंक्ति में रहूंगा और निश्चित रूप से, मेरे साथी न्यायाधीश इसमें मेरे साथ खड़े होंगे। और हम कभी हस्तक्षेप स्वीकार नहीं करते। उन्होंने कहा, यदि किसी के पास ऐसा करने का कोई अन्य एजेंडा है, तो वह सुप्रीम कोर्ट बार का अध्यक्ष या प्रधान न्यायाधीश बन सकता है और अपनी इच्छा लागू कर सकता है। हम इस तरह का दबाव बर्दाश्त नहीं करेंगे।

सुनवाई 29 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दी गई है। सीजेपी ईसा ने कहा, यह संभव है कि हम अगली सुनवाई में पूर्ण पीठ का गठन कर सकते हैं। हम मामले की दैनिक आधार पर सुनवाई करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इस्लामाबाद में केवल सात न्यायाधीश मौजूद थे और उन्हें मामले की सुनवाई के लिए पैनल में शामिल किया गया था, लेकिन भविष्य की सुनवाई में और न्यायाधीशों को शामिल करना संभव हो सकता है ताकि शीर्ष अदालत के सभी 15 सदस्य मामले की सुनवाई के लिए पूर्ण पीठ के रूप में बैठ सकें।

पिछले हफ्ते, इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) के कुल आठ न्यायाधीशों में से छह न्यायाधीशों ने सर्वोच्च न्यायिक परिषद (एसजेसी) के सदस्यों को एक चौंकाने वाला पत्र लिखा था, यह न्यायाधीशों पर उनके रिश्तेदारों के अपहरण और यातना के साथ-साथ उनके घरों के अंदर गुप्त निगरानी के माध्यम से दबाव बनाने के प्रयासों से संबंधित है।

एक दिन बाद, जांच के लिए विभिन्न हलकों से मांग उठने के बीच सीजेपी ईसा ने शीर्ष अदालत के न्यायाधीशों की एक पूर्ण पीठ की बैठक बुलाई।

# जैन समुदाय ने अमेरिका में 'डिजिटल डीटॉक्स' आंदोलन शुरू किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

वाशिंगटन। अमेरिका में रह रहे जैन समुदाय ने मोबाइल फोन और लैपटॉप के स्क्रीन से नियमित अंतराल पर दूरी बनाने के लिए डिजिटल डीटॉक्स' आंदोलन शुरू किया है। समुदाय के कार्यकर्ता अजय जैन भूटोरिया ने कहा कि नियमित अंतराल पर डिजिटल स्क्रीन से दूरी बनाना हमारे समावेशी कल्याण के लिए बहुत जरूरी है और इससे बचे वक्त का इस्तेमाल परिवार और दोस्तों के साथ रिश्तों को मजबूत करने तथा तनाव कम करने आदि के लिए किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि डिजिटल स्क्रीन से दूरी बनाकर जिंदगी की सुंदरता को फिर से देखें।

भूटोरिया ने कहा, आज की तेज़ रफ्तार दुनिया में डिजिटल स्क्रीन हमारी जिंदगी पर हावी है। डिजिटल स्क्रीन से दूरी बनाना बहुत सकारात्मक हो सकता है। उन्होंने कहा कि यह कदम 'अणुव्रत अनुशास्ता' और इसके नेता आचार्य श्री महाश्रमण के दृष्टिकोण से प्रेरित है। 'अणुव्रत अनुशास्ता' शब्द जैन दर्शन से आया है।

'अणुव्रत' छोटी प्रतिज्ञाओं या प्रतिबद्धताओं के लिए होता है और 'अनुशास्ता' उस व्यक्ति को संदर्भित करता है जो इन प्रतिज्ञाओं को लागू कराता है या निर्धारित करता है। जैन धर्म में, अणुव्रत अनुशास्ता वह है जो लोगों को अणुव्रत अपनाने के लिए मार्गदर्शन देता है। भूटोरिया और उनकी टीम 2डिजिटल डिटॉक्स' आंदोलन के लिए समर्थन मांगने के वास्ते संसद के सदस्यों के साथ-साथ नीति निर्माताओं, गैर-लाभकारी निकायों, शिक्षाविदों और थिंक टैंक से संपर्क करने की योजना बना रही है।

# भारतीय बाजार में अधिक प्रीमियम मॉडल पर विचार कर रही टोयोटा




मुंबई/भाषा। वाहन विनिर्माता टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) भारतीय बाजार में बड़े आकार के वाहनों की तरफ ग्राहकों के बढ़ते झुकाव को देखते हुए अधिक प्रीमियम मॉडल लाने पर विचार कर रही है।

फॉर्च्यूनर और इनोवा जैसे लोकप्रिय मॉडल बेचने वाली कंपनी ने बुधवार को अपनी प्रवेश स्तर की एसयूवी 'अर्बन क्रूजर टैसर' को पेश कर अपने उत्पादों का दायरा बढ़ाया। इस मॉडल की शोरूम कीमत 7.73 लाख रुपए से 13.03 लाख रुपए तक है।

इस मौके पर टीकेएम के उप प्रबंध निदेशक (बिक्री एवं विपणन) तदाशी असाजुमा ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा कि यह मॉडल कंपनी को अधिक ग्राहकों को अपने साथ जोड़ने में मदद करेगा। यह मॉडल टीकेएम के रणनीतिक साझेदार मारुति सुजुकी के फ्रॉन्क्स मॉडल का ही साझा संस्करण है।

असाजुमा ने कहा कि कंपनी का लक्ष्य बाजार में विविध ग्राहक जरूरतों को पूरा करना है और नया मॉडल भी उसी सोच का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि कंपनी की योजना देश में अपने पोर्टफोलियो में हाइब्रिड और बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों सहित विविध इंजन किस्म वाले मॉडल रखने की है। असाजुमा ने कहा कि भारतीय ग्राहक धीरे-धीरे छोटी कारों से बड़ी कारों का रुख कर रहे हैं और इसी को ध्यान में रखते हुए कंपनी नए मॉडल पेश करने के लिए एक नए विनिर्माण संयंत्र के साथ अपनी उत्पादन क्षमता का विस्तार भी कर रही है।

जब उनसे पूछा गया कि क्या टीकेएम भारत में और अधिक प्रीमियम कारें लाने पर विचार करेगी, तो उन्होंने कहा, हमें लगता है कि यह जरूरी होना चाहिए। यह पूछे जाने पर कि टोयोटा भारतीय बाजार में हाइब्रिड प्रौद्योगिकी या बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों (बीईवी) में से किस पर ध्यान केंद्रित करेगी, उन्होंने कहा कि कंपनी के पास हर तरह की प्रौद्योगिकियां हैं और हमारी रणनीति ग्राहकों की जरूरतें पूरा करने की है। उन्होंने कहा, फिलहाल भारत में मजबूत हाइब्रिड वाहन ही व्यावहारिक समाधान दिख रहा है।

नामांकन



असम के मुख्यमंत्री बुधवार को सिलचर में लोकसभा उम्मीदवार परिमल शुक्लाबद्य के नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान असम भाजपा के समर्थकों के साथ हिमंत बिस्वा सरमा।

# गिप्पी ग्रेवाल ने पत्नी रवनीत के साथ शेयर की फोटो

मुंबई/एजेंसी



पंजाबी एक्टर और गायक गिप्पी ग्रेवाल ने अपनी पत्नी रवनीत के साथ सोशल मीडिया पर एक फोटो शेयर की है। उनके फैंस इस 'सुंदर जोड़ी' को देखकर आश्चर्यचकित हो गए। अगली बार पारिवारिक मनोरंजन 'शिंदा शिंदा नो पापा' में दिखाई देने वाले एक्टर गिप्पी ग्रेवाल ने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की है, जिसमें उनके साथ उनकी पत्नी को देखा जा सकता है। फोटो में उन्हें पीली जैकेट, काली टी-शर्ट और मैचिंग पैंट में देखा जा सकता है। वहीं उनकी पत्नी रवनीत ने सफेद स्वेटर और नीली डेनिम पहनी हुई है। दोनों कैमरे के सामने मुस्कुरा कर पोज दे रहे हैं। गिप्पी ने पोस्ट में अपने ट्रैक 'कुर्ती' की धुन दी। फिल्म 'शिंदा शिंदा नो पापा' में गिप्पी के साथ अभिनय करने वाली हिना खान ने पोस्ट पर लाल दिल वाला इमोजी दिया। एक फेन ने कहा, सबसे खूबसूरत सेलिब्रिटी जोड़ी, एक बार फिर रवनीत और गिप्पी, आपको एक साथ किसी फिल्म में अद्भुत केमिस्ट्री दिखानी चाहिए।'' इस फिल्म के जरिए 'बिग बॉस 11' की प्रतियोगी हिना खान पंजाबी सिनेमा में कदम रख रही हैं। यह फिल्म अमरप्रीत जी.एस. छाबड़ा द्वारा निर्देशित, नरेश कथूरिया द्वारा लिखित और गिप्पी और रवनीत कौर ग्रेवाल द्वारा निर्मित है। यह फिल्म 10 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। उनके पास पाइपलाइन में 'अरदास सरबत दे भले दी' भी है। इसमें जैस्मिन भसीन और गुरप्रीत घुग्गी हैं। यह 13 सितंबर को रिलीज होगी।

# विक्की कौशल ने भारतीय युद्ध नायक सैम मानेकशॉ को किया याद

मुंबई/एजेंसी

बायोपिक 'सैम बहादुर' में फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ की भूमिका निभाने वाले बॉलीवुड स्टार विक्की कौशल ने भारतीय युद्ध नायक को उनकी 110वीं जयंती पर याद किया। एक्टर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज में सैम मानेकशॉ की एक मोनोक्रोमैटिक तस्वीर शेयर की, जिसमें उन्हें अपनी वर्दी में कैमरे के सामने पोज देते हुए देखा जा सकता है। फोटो में उनकी जीप भी दिखाई दे रही है। विक्की ने तस्वीर पर लिखा, लीजेंड को उनकी 110वीं जयंती पर याद कर रहा हूं।''

'सैम बहादुर' पिछले साल दिसंबर में रिलीज हुई थी और इसमें महान सैनिक की कहानी बताई गई। फिल्म में दिखाया गया था कि कैसे उन्होंने अपनी बुद्धि और निर्णय लेने की क्षमताओं से सेना को मजबूत किया। फिल्म में फातिमा सना शेख, सान्या मल्होत्रा, नीरज काबी, एडवर्ड सोनेनब्लिक और मोहम्मद जीशान अय्यूब भी थे। 'सैम बहादुर' बॉक्स ऑफिस पर रणबीर कपूर अभिनीत फिल्म 'एनिमल' से टकराई थी, जो साल की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक बनकर उभरी। रणबीर और विक्की ने 'संजू' और 2018 की स्ट्रीमिंग फिल्म 'लव पर स्क्वायर फुट' में एक साथ काम किया है जिसमें रणबीर ने एक कैमियो किया था।

# गोविंदा को पसंद आया 'बड़े मियां छोटे मियां' का ट्रेलर

मुंबई/एजेंसी

बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा को अक्षय कुमार और टाइगर श्राफ की आने वाली फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' का ट्रेलर बेहद पसंद आया है। वर्ष 1998 में बासु भगनानी ने अमिताभ बच्चन और गोविंदा को लेकर सुपरहिट फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां'बनायी थी। बासु भगनानी के पुत्र जैकी भगवानी ने अब अक्षय कुमार और टाइगर श्राफ को लेकर 'बड़े मियां छोटे मियां' बनायी है। हाल ही में फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' का ट्रेलर रिलीज किया। गोविंदा को फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां'का ट्रेलर पसंद आया है। जैकी भगनानी ने बताया, फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' के ट्रेलर रिलीज से पहले उनकी मुलाकात गोविंदा से हुई थी और तब उन्होंने गोविंदा को ट्रेलर दिखाया था। जैकी भगनानी ने बताया,अमित सर (अमिताभ बच्चन) बिजी थे, लेकिन ट्रेलर लॉन्च से एक दिन पहले मुझे चीची भैया (गोविंदा) से उनके घर पर मिलने का मौका मिला। जब उन्होंने ट्रेलर देखा तो कहा, आपके निर्देशक अली अब्बास जफर) बेहद कूल शख्स हैं। उन्होंने कोई फिल्म नहीं बनाई है, उन्होंने सिनेमा बनाया है।



वहीं अली अब्बास जफर ने कहा,मिस्टर बच्चन और गोविंदा दोनों दिग्गज हैं।मुझे उम्मीद है कि जब वे फिल्म देखेंगे, तो उन्हें गर्व महसूस होगा कि हमने उनकी विरासत को सही तरीके से आगे बढ़ाया है। फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' को वासु भगनानी और जैकी भगनानी के प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया जा रहा है।बड़े मियां छोटे मियां में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर और अलाया एफ शामिल हैं। बड़े मियां छोटे मियां ईद के मौके पर इस वर्ष 10 अप्रेल को रिलीज की जाएगी।

# 'सिटाडेल: हनी बन्नी' और 'द फैमिली मैन' में अलग तरह का एक्शन है : सामंथा

मुंबई/एजेन्सी



एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने आगामी सीरीज 'सिटाडेल: हनी बन्नी' और 'द फैमिली मैन' को लेकर कहा कि इनमें एक्शन बहुत अलग तरह का है। सामंथा ने 'द फैमिली मैन' में राजी के किरदार में जो एक्शन सीन किए, उसके लिए उन्हें काफी सराहना मिली है। अपने द्वारा किए गए स्टंट पर बात करते हुए एक्ट्रेस ने सीन की तैयारियों को लेकर खुलकर बात की। सामंथा ने कहा, मैंने 'द फैमिली मैन' में राजी के किरदार के लिए जो किया, वह एक्शन के मामले में बहुत अलग है। मैं 'सिटाडेल' में एक्शन को लेकर बहुत उत्साहित हूं। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से यह कुछ ऐसा है जो मैं अपने किरदार राजी के लिए चाहती थी। सीरीज में कुछ मुख्य आकर्षण एक्शन बिट्स हैं और मैं वास्तव में उन्हें स्क्रीन पर देखने के लिए उत्सुक हूं।''



# वरुण ने 'बेबी जॉन' के सेट से फोटोज की शेयर, कहा- यह मेरी सबसे कठिन शूटिंग में से एक

मुंबई/एजेंसी

बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन अपनी अपकमिंग फिल्म 'बेबी जॉन' की शूटिंग में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म की शूटिंग शेड्यूल सबसे कठिन शूटिंग में से एक है, जिसका वह हिस्सा रहे हैं। मंगलवार को जैसे ही फिल्म ने शूटिंग ने 70वें दिन में प्रवेश किया, वरुण ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म की शूटिंग से कुछ बीटीएस तस्वीरें शेयर की। वरुण ने बताया कि उन्होंने सुबह होने तक लगातार फिल्म की शूटिंग की। पहली तस्वीर में उन्हें एक स्वेटशर्ट पहने देखा जा सकता है, जिस पर 'बेबी जॉन' लिखा हुआ है और उनकी पीठ कैमरे की ओर है। दूसरी तस्वीर में वह अपने सीने पर हाथ रखे हुए हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'बेबी जॉन' की शूटिंग का 70वां दिन, जब तक सूरज नहीं निकला तब तक लगातार फिल्मांकन किया गया और फिर हमारी यूनिट भी चलती रही। यह सबसे कठिन शूटिंग में से एक है, जिसका मैंने अनुभव किया है। 'बेबी जॉन' एक एक्शन ड्रामा है, और तमिल फिल्म 'थेरी' की रीमेक है, जिसे 'जवान' फेम एटली ने निर्देशित किया था। एटली द्वारा सह-निर्मित, 'बेबी जॉन' कैलीस द्वारा लिखित और निर्देशित है। फिल्म में कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी, जैकी श्रॉफ, सान्या मल्होत्रा, राजपाल यादव और शीबा चड्ढा भी हैं।

# अभिशेख खान ने 'लुटेरे' के लिए जय मेहता का जताया आभार

मुंबई/एजेन्सी

अभिनेता अभिशेख खान ने 'लुटेरे' के लिए निर्देशक जय मेहता का आभार जताया है। अभिनेता अभिशेख खान हाल ही में रिलीज़ हुई वेब सीरीज़ 'लुटेरे' के लिए निर्देशक जय मेहता के साथ जुड़े हैं। अभिशेख खान ने जय मेहता के साथ काम करने का अनुभव बताया है। उन्होंने कहा, मैं जय मेहता का बहुत आभारी हूं कि उन्होंने मुझे 'लुटेरे' जैसे शानदार प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने का मौका दिया।

उनके हौसला अफजाई और उन्होंने मुझे जो क्रिएटिव फ्रीडम दी, उससे मुझे बेहद खुशी हुई। मुझे पूरी उम्मीद है कि मैं जल्द ही उनके साथ फिर से काम करूंगा, क्योंकि वह नि:संदेह सबसे दयालु और सबसे प्रतिभाशाली निर्देशकों में से एक हैं।




# प्रशंसकों से रणवीर सिंह ने छुपाया 'डॉन-3' का लुक

मुंबई/एजेंसी

शाहरुख खान को लेकर वर्ष 1978 में प्रदर्शित हुई अमिताभ बच्चन की डॉन को पुन: बनाने वाले फरहान अख्तर इन दिनों अपनी फ्रेंचाइजी का तीसरा भाग बनाने की तैयारी में हैं। इस बार डॉन की भूमिका में रणवीर सिंह दिखाई देंगे। रणवीर के साथ इस फिल्म में कियारा आडवाणी का जलवा देखने के लिए मिलेगा। हाल ही में रणवीर सिंह एयरपोर्ट पर स्पॉट हुए हैं, जहां पर उनके लुक ने हर किसी को हैरान कर दिया है। कहा जा रहा है कि रणवीर डॉन 3 के लुक को आम लोगों से छुपा रहे थे। दरअसल, रणवीर सिंह को बीती रात मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। यहां पर एक्टर के लुक ने हर किसी को हैरान कर दिया। रणवीर एयरपोर्ट पर हमेशा की तरह अपने यूनिक लुक में ही दिखे। अभिनेता ने ब्लैक कलर का ओवरकोट पहना हुआ था और सिर पर एक कैप लगाई हुई थी। इन सबके बीच, रणवीर के मेस मास्क ने हर किसी का ध्यान खींच लिया। अभिनेता ने पैपराजी को कुछ सेकंड का समय जरूर दिया, लेकिन उन्होंने चेहरे से मास्क नहीं हटाया। इसी वजह से अब प्रशंसकों का मानना है कि रणवीर सिंह डॉन-3 के लुक को सबसे छुपा रहे हैं। इसके अलावा, कुछ लोग रणवीर सिंह को ट्रोल भी कर रहे हैं। कई यूजर ने लिखा है कि वह इतनी गर्मी में ओवरसाइज कोट कैसे पहन रहे हैं। कई यूजर ने ये भी कहा है कि एक्टर ने दीपिका पादुकोण के कपड़े पहन लिए हैं।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
बेंगलूरु | गुरुवार | 04-04-2024 /dakshinbharat /dakshinbharat
DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT HINDI DAILY
RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

संगठन के मंत्री जैन मदन मुणोत ने चातुर्मास मे आयोजित नवकार करे भवभव 11पार करोड नवकार, संघ स्थापना दिवस पर सामूहिक सामायिक दिवस और पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण आदि विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी।



# सैमसंग ने एआई क्षमताओं से लैस बेस्पोक घरेलू उपकरण पेश किए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने बुधवार को बेस्पोक अप्लाएंसेज का प्रदर्शन किया। ये उपकरण एआई संचालित हैं, जो कनेक्टेड और पर्यावरण के लिहाज से अनुकूल घरों के भविष्य की आवश्यकताओं को सामने रखते हैं। एआई-संचालित घरेलू उपकरणों के साथ सैमसंग का लक्ष्य तेजी से बढ़ते प्रीमियम उपकरण बाजार में ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करना है।

कंपनी ने बताया कि इनबिल्ट वाई-फाई, आंतरिक कैमरे और एआई चिप्स के साथ बेस्पोक एआई की विशेषता वाले ये नए उपकरण स्मार्टथिंग्स एप्लिकेशन के माध्यम से आसान पहुंच नियंत्रण के साथ सहजता से कनेक्ट होते हैं। ये आसानी से घरों का प्रबंधन करने में मदद करते हैं।

इस संबंध में जानकारी देते हुए सैमसंग दक्षिण पश्चिम एशिया के अध्यक्ष और सीईओ जेबी पार्क ने कहा, 'हम बेस्पोक एआई पेश कर रहे हैं, जो घरेलू उपकरणों में हमारा अगला बड़ा इनोवेशन है। यह भारतीय घरों के लिए बेहतर जीवन सुनिश्चित करते हुए ऊर्जा की खपत को कम करेगा। हमारे बेस्पोक एआई-संचालित घरेलू उपकरणों के साथ उपभोक्ता अपनी पसंद के मुताबिक बदलाव करने, बुजुर्गों और बच्चों के लिए आसान कंट्रोल सुनिश्चित करने और अपने घरेलू उपकरणों की आसान जांच में सक्षम होंगे।' सैमसंग इंडिया के डिजिटल उपकरण के वरिष्ठ निदेशक सौरभ बैशाखिया ने कहा, 'एआई के साथ उपकरण अब अधिक स्मार्ट हो सकते हैं और घरेलू कामों में लगने वाले यूजर्स के समय और ऊर्जा को कम करने में मदद कर सकते हैं। उन्नत कनेक्टिविटी और एआई क्षमताओं के माध्यम से ये उपकरण स्मार्ट होम अनुभव में क्रांति लाकर उपभोक्ता अनुभव को नई ऊंचाई पर ले जाते हैं।' भारत में रेफ्रिजरेटर, एयर कंडीशनर, माइक्रोवेव और वॉशिंग मशीन सहित सैमसंग के विशेष उपकरण अब एआई द्वारा संचालित हैं।







# खरतरगच्छ युवा परिषद बेंगलूरु शाखा की नई कार्यकारिणी समिति का गठन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अखिल भारतीय खरतरगच्छ युवा परिषद बेंगलूरु शाखा की नई कार्यकारिणी समिति का गठन अध्यक्ष पंकज बाफना व महामंत्री विकाश खटोड़ द्वारा किया गया।

शाखा में संरक्षक के रूप में कुशलराज गुलेच्छा, सलाहकार के रूप में कैलाश संखलेचा व ललित डाकलिया को चुना गया है। चेयरमैन के पद पर भरत रांका, अध्यक्ष के रूप में पंकज बाफना, उपाध्यक्ष के रूप में मनीष गुलेच्छा व विकाश पारख, महामंत्री विकाश खटोड़, सहमंत्री हेमंत गोलेच्छा, कोषाध्यक्ष भरत कोठारी व सहकोषाध्यक्ष के रूप में दिनेश संकलेचा का चयन किया गया है। इसके अलावा विहार वैयायवच्च संयोजक, प्रचार-प्रसार संयोजक, मानव सेवा संयोजक, तीर्थयात्रा एवं गुरुओं के दर्शन वंदन संयोजक, स्वाध्याय संयोजक, खेल- कूद संयोजक व बैंड व संगीत संयोजक बनाए गए हैं ।



# विभिन्न साधु साध्वियों से जेवाईएस ने महावीर जन्म कल्याणक पर सान्निध्यता हेतु किया निवेदन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जैन युवा संगठन (जेवाईएस) के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष जैन महेंद्र बागरेचा के नेतृत्व में उपाध्यक्ष महावीर मुनोत, सचिव मदन मुनोत, पूर्व उपाध्यक्ष दिलीप संचेती, कार्यकारिणी समिति सदस्य सुश्रुत चेलावत, साधु साध्वी समिति चेयरमैन राकेश बोहरा, सहचेयरमैन अर्चित पारेख सदस्य नरेश परमार, दीपक दक, कमलेश कोटाड़िया ने महावीर स्वामी जैन मंदिर चामराजपेट में विराजित मुनिश्री राजपद्मसागरजी, वीवी पुरम स्थित सिमंधरस्वामी जैन मंदिर में विराजित साध्वीश्री लब्धिवर्धनाश्रीजी, बसवनगुड़ी के विमलनाथ जैन मन्दिर में विराजित संतश्री मलयप्रभसागरजी व साध्वीश्री स्वर्णप्रियंजनाश्रीजी आदि के दर्शन कर सभी साधु साध्वियों को शहर में आयोजित होने वाले प्रभु महावीर जन्म कल्याण महोत्सव में अपना सान्निध्य प्रदान करने के लिए निवेदन किया। संगठन के मंत्री जैन मदन मुणोत ने चातुर्मास मे आयोजित नवकार करे भवभव 11पार करोड नवकार, संघ स्थापना दिवस पर सामूहिक सामायिक दिवस और पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण आदि विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। सभी साधु साध्वियों ने संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की तथा अधिक से अधिक सामायिक, जप, तप व भगवान महावीर के सिद्धांत का अनुसरण करने की प्रेरणा दी।

# रेल पहिया कारखाने का वर्ष 2023-24 के दौरान अव्वल रहा उत्पादन प्रदर्शन



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। रेल पहिया कारखाना (आरडब्ल्यूएफ) जो भी भारतीय रेल का एक उपक्रम है और रेलों के लिए पहिए व एक्सल(धुरी) का निर्माण करता है। कारखाने ने वर्ष 2023-24 के दौरान निर्धारित वार्षिक उत्पादन लक्ष्य को पार कर लिया है। कारखाने ने इस वर्ष में 1,96,265 पहिए, 83,503 एक्सल और 94,275 व्हीलसेट का निर्माण करके रेलवे बोर्ड द्वारा दिए गए अपने लक्ष्य से ज्यादा उत्पादन किया है। मई-2023 के दौरान, 9673 व्हील सेट विभिन्न वैगन बिल्डरों को भेजे गए। यह आरडब्ल्यूएफ की ओर से एक महीने में व्हील सेट का अब तक का सबसे अच्छा डिस्पैच है। वर्ष 2023-24 के लिए टर्नओवर 2273 करोड़ रुपये होने की उम्मीद है। स्क्रैप की बिक्री में भी आरडब्ल्यूएफ ने वर्ष के दौरान 41.13 करोड़ रुपये का स्क्रैप बेचा है। यह जानकारी मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी जी.वेंकटेश ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से दी।



# प्रदेश कांग्रेस की कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाएं : रामलिंगा रेड्डी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। ज्यों ज्यों चुनाव की तारीखें नजदीक आ रही है त्यों त्यों चुनावी सरगर्मियां बढ़ती जा रही है। उसी कड़ी में कर्नाटक के परिवहन मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने बेंगलूरु दक्षिण लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस की उम्मीदवार और अपनी पुत्री सौम्या रेड्डी के पक्ष में कोरमंगला स्थित एस. टी.बेड. लेआउट में चुनाव प्रचार किया। इस मौके पर रेड्डी ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से आमजन में कांग्रेस के प्रति विश्वास बढ़ा है। सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में कार्यकर्ता लगे रहें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बलिदान देकर देश में लोकतंत्र को मजबूत किया है। प्रदेश आज विकास की ओर अग्रसर है। आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर पार्टी को मजबूत बनाने का निवेदन किया। इस मौके रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष राजेंद्र बाबू, सचिव प्रकाश रेड्डी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।



बुधवार को हावेरी जिले में चुनाव प्रचार के दौरान पूर्व मंत्री बीसी पाटिल के साथ बसवराज बोम्मई

# मोदी के रहते केंद्र में गठबंधन सरकार के बनने का समय खत्म : बोम्मई

## मनमोहन सिंह सबसे कमजोर प्रधानमंत्री थे : बसवराज बोम्मई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हावेरी। केंद्र में नरेंद्र मोदी के रहते गठबंधन सरकार का समय खत्म हो गया है। पूर्व मुख्यमंत्री और हावेरी गदग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार बसवराज बोम्मई ने कहा है कि देश के लोगों ने फैसला किया है कि एक पार्टी का शासन देश के विकास और सुरक्षा के लिए अच्छा है।

आज हिरेकेरूर विधानसभा क्षेत्र के कुडुपाली, कदुर, बुल्लापुरा और हल्लूर गांवों में चुनाव प्रचार करते हुए उन्होंने कहा कि इस चुनाव का केंद्र बिंदु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। आमतौर पर दो व्यक्तित्वों के बीच चुनाव होता है। हालाँकि, यहाँ चुनाव नरेंद्र मोदी के पक्ष में और नरेंद्र मोदी के ख़िलाफ़ हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश में नरेंद्र मोदी जैसा कोई दूसरा व्यक्तित्व नहीं है।

उन्होंने विपक्ष को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि जो पार्टियां 543 लोकसभा सीटों पर चुनाव नहीं लड़ सकतीं, वे देश पर शासन करने की बात करती हैं। अतीत में हमने छोटी पार्टियों द्वारा शासित सरकारें देखी हैं। केंद्र में नरेंद्र मोदी के रहते गठबंधन सरकार का समय खत्म हो गया है। यह देश के विकास और सुरक्षा के लिए अच्छा है। उन्होंने कहा कि यह काम देश के नागरिक कर रहे हैं। लोगों का प्यार और विश्वास पाने के लिए दिन-रात लोगों के लिए काम करना पड़ता है। देश को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। आजादी से पहले हमारे एकमात्र दुश्मन अंग्रेज थे। लेकिन, आजादी के बाद गरीबी और जनसंख्या हमारे लिए बड़ी चुनौती थी। विश्लेषण किया गया कि जनसंख्या देश का सबसे बड़ा अभिशाप है। लेकिन जब से मोदी आये हैं उन्होंने आबादी को ही विकास की सीढ़ी बना दिया है और 46 फीसदी युवाओं का इस्तेमाल कर देश का विकास कर रहे हैं। यही नरेंद्र मोदी की ताकत है। नरेंद्र मोदी चुनौती को जीत में बदलने की ताकत रखते हैं।

### मनमोहन सिंह कमजोर प्रधानमंत्री रहे

मोदी के आने से पहले देश में आतंकवाद व्याप्त था। उस समय देश में बहुत कमजोर सरकार और कमजोर पढानी थी। मनमोहन सिंह रिमोट कंट्रोल वाले प्रधानमंत्री रहे। सोनिया गांधी ने बातचीत से आगे उन्होंने कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी खुद मनमोहन सिंह का सम्मान नहीं करते थे. एक समय तो मनमोहन सिंह यह कानून लाने वाले थे कि जिन लोगों पर आपराधिक मामले हों, उन्हें चुनाव लड़ने की इजाजत न दी जाये। तब राहुल गांधी विदेश में थे। जब वह विमान में चढ़े तो उन्हें बिल की एक प्रति दी गई। उन्होंने उस कानून की प्रति फाड़ दी थी जिसे उनकी ही पार्टी के प्रधानमंत्री लागू करने जा रहे थे। क्योंकि राहुल गांधी के पास मनमोहन सिंह का रिमोट कंट्रोल था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रिमोट किसी के हाथ में नहीं है। उन्होंने कहा कि ईडी के पास देश के 130 करोड़ लोगों का रिमोट कंट्रोल है।

# 96 वर्ष के दत्तात्रेय दौड़ेंगे बेंगलूरु मैराथन में

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। 96 वर्ष के एन एस दत्तात्रेय 28 अप्रैल को यहां होने वाली टीसीएस विश्व 10के बेंगलूरु 2024 मैराथन में भाग लेने वाले सबसे उम्रदराज धावक होंगे। वह पहले भी इस रेस में हिस्सा ले चुके हैं। पांच साल पहले लंबी दौड़ में पदार्पण करने वाले दत्तात्रेय कई मैराथन और वॉकाथन में प्रतिभागी रह चुके हैं। उन्होंने कहा, ''पहली मैराथन के बाद ही मुझे लगा कि मैं इसमें जारी रख सकता हूं। मैने फिट रहने के लिये शुरुआत की थी और जल्दी ही यह मेरे जीवन का हिस्सा बन गया। अगर आपके पास अपार दौलत है लेकिन आप उसे भोग नहीं सकते तो क्या फायदा। स्वास्थ्य बहुत जरूरी है, पैसा नहीं।'' वह सुबह 5.30 पर उठकर वर्जिश करते हैं और आधा घंटा साइकिल चलाते हैं। शाम को वह ट्रेडमिल पर व्यायाम करते हैं।

# मुख्य न्यायाधीश के सामने एक शख्स ने अपना गला रेत जान देने की कोशिश की

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। कर्नाटक उच्च न्यायालय परिसर में बुधवार को एक व्यक्ति ने अदालत कक्ष संख्या-1 में मुख्य न्यायाधीश निलय विपिनचंद्र अंजारिया के सामने कथित तौर पर चाकू से अपना गला काटकर आत्महत्या करने की कोशिश की। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, मैसुरु के रहने वाले श्रीनिवास ने अदालत कक्ष संख्या-1 के प्रवेश द्वार पर सुरक्षा कर्मचारियों को एक फाइल सौंपी और इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, उसने मुख्य न्यायाधीश अंजारिया की उपस्थिति में अपना गला काटने का प्रयास किया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सुरक्षाकर्मियों ने तत्काल श्रीनिवास को बोरिंग अस्पताल पहुंचाया, जहां अब उसका इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा, हमें नहीं पता कि उसने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया। वह अदालत कक्ष संख्या-1 में दाखिल हुआ और चाकू से अपना गला काटने का प्रयास किया। अंदर तैनात हमारे सुरक्षा कर्मचारियों ने देखा और तुरंत उसे बचाया। वह अस्पताल में भर्ती है।



# 'तीर्थ यात्रा में स्वार्थ पूर्ति से ज्यादा होना चाहिए प्रभु भक्ति'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

शाहुपुर। शहर के अनंतनाथ जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ ने प्रवचन में कहा कि जब हम तीर्थ यात्रा के लिए जाते है तो हम अपनी सुविधा के अनुसार धर्मशाला या होटल चुनते है, अच्छी सी अच्छी होटल में भोजन करते हैं परन्तु मंदिर जिसके लिए तीर्थयात्रा पर आए उसे सबसे कम प्राथमिकता देते है।

नाम तीर्थयात्रा का होता है पर काम हमारा करते हैं जो कि सरासर गलत है। व्यक्ति तीर्थयात्रा में भी आनंद और इन्द्रियों के इच्छा पूर्ति करना चाहता है।

तीर्थयात्रा में तो अधर्म और पाप प्रवृत्तियों छोडी जाती है और प्रभु भक्ति को अपनाया जाता है तभी उसे ही तीर्थ यात्रा कहा जाता है।

# भारत में पशुओं में लंपी बीमारी के लिए जिम्मेदार वायरस का विश्लेषण किया गया : आईआईएससी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) ने कहा है कि एक बहु-संस्थागत टीम ने मवेशियों में लंपी बीमारी के प्रसार वाले वायरस के उपस्वरूपों की उत्पत्ति के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की है। मई 2022 में, भारत में बड़ी संख्या में लंपी बीमारी से पशुओं की मौतें हुई थीं। इस बीमारी में मवेशियों की त्वचा पर गांठ की तरह के बड़े-बड़े दाने निकल आते हैं। बेंगलूरु स्थित आईआईएससी ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि लंपी बीमारी के प्रसार के बाद से लगभग 1,00,000 गायों की बीमारी से मौत हुई है।

आईआईएससी के जैव रसायन विभाग के प्रोफेसर उत्पल टाटू ने कहा, ''यह कुछ मायनों में एक आपदा थी।'' टाटू उस बहु-संस्थागत टीम का हिस्सा हैं, जिसने रोग के प्रकोप के कारण की जांच करने का फैसला किया। आईआईएससी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि उनका अध्ययन बीएमसी जीनोमिक्स' में प्रकाशित हुआ था। लंपी स्किन डिजीज वायरस (एलएसडीवी) वायरल संक्रमण है, जो मक्खियों और मच्छरों जैसे कीट-पतंगों द्वारा फैलता है। यह बुखार और त्वचा पर गांठों का कारण बनता है और मवेशियों के लिए जानलेवा हो सकता है।

पहली बार 1931 में जाम्बिया में एलएसडीवी का पता चला था और 1989 तक यह उप-अफ्रीकी क्षेत्र तक ही सीमित रहा। मध्य पूर्व, रूस और अन्य दक्षिण-पूर्व यूरोपीय देशों में फैलने के बाद इसका प्रसार दक्षिण एशिया में हुआ। विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारत में इस बीमारी के दो बड़े प्रकोप हुए हैं, पहला 2019 में और 2022 में अधिक गंभीर प्रकोप, जिससे 20 लाख से अधिक गायें संक्रमित हुईं। वर्तमान प्रकोप की जांच करने के लिए, टीम ने पशु चिकित्सा संस्थानों के सहयोग से गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान और कर्नाटक सहित विभिन्न राज्यों में संक्रमित मवेशियों से त्वचा की गांठें, रक्त और नाक के नमूने एकत्र किए।

## पूजा अर्चना



बुधवार को मैसूरु के सत्तूर मठ में उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार पहुंचे उन्होंने वहां श्री शिवरात्रि देसीकेंद्र स्वामीजी का आशीर्वाद प्राप्त किया। फिर वह चामुंडी पहाड़ी पर गए और कर्नाटक माता देवी चामुंडेश्वरी की पूजा अर्चना की।

## प्रोत्साहन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के विजयनगर यूनाइटेड स्पोर्ट्स एंड कल्चरल एसोसिएशन द्वारा हम्पीनगर के चंद्रशेखर आजाद स्पोर्ट्स ग्राउंड में पुनीत राजकुमार मेमोरियल फुटबाल कप 2024 का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खिलाड़ियों को खेल की भावना से खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। आयोजकों ने मुणोत का सम्मान किया।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com